

आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

# तरुण छत्तीसगढ़

■ रायपुर, बुधवार, 28 जनवरी 2026 ■ माघ शुक्ल पक्ष-11 ■ वर्ष- 41 ■ अंक-298 ■ पृष्ठ-8 ■ डाक संस्करण 29 जनवरी 2026 ■ मूल्य 2.00 रु.



E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in
Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
phone: 0771-2543112


# प्लेन क्रैश में महाराष्ट्र के डिप्टी सीएम अजीत पवार का निधन

## जलते शव, बिखरा मलबा और दूर तक धुआं ही धुआं

**मुम्बई, 28 जनवरी।** महाराष्ट्र के डिप्टी सीएम अजीत पवार का निधन हो गया है। वे 66 साल के थे। आज सुबह 8.45 बारामती में उनका प्लेन क्रैश हो गया। शुरुआती जानकारी के मुताबिक कि बारामती एयरपोर्ट पर लैंडिंग के दौरान यह हादसा हुआ। प्लेन में अजित पवार के साथ मौजूद उनके पर्सनल असिस्टेंट, सुरक्षाकर्मी और प्लेन स्टाफसमेत 5 लोगों की जान गई है।

मौके से सामने आई तस्वीरों में देखा जा सकता है कि विमान में आग लगी है। तेज धुआं उठ रहा है। वीडियो में देखा जा सकता है कि अजित पवार का विमान कहीं खेत में क्रैश हुआ है। पूरा विमान जलकर राख हो चुका है। वीडियो में क्रैश साइट्स की तस्वीर में विमान के चीथरे उड़ गए हैं। शव जल रहे हैं।

जैसे ही विमान क्रैश हुआ, आवाज सुनकर आसपास के गांव के लोग मौके पर जुट गए। हादसा लैंडिंग के वक्त हुआ है, क्योंकि लैंडिंग स्ट्रिप पास ही मौजूद है। सामने आया है कि अजित पवार के साथ विमान में कुल तीन लोग सवार थे। इसके अलावा दो पायलट थे। वे मुंबई से बारामती जा रहे थे। यह एक निजी कंपनी का विमान था। बारामती हवाई अड्डे पर लैंडिंग के दौरान चार्टर्ड विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया। पुणे में 5 फरवरी को जिला परिषद चुनाव होने हैं और इन्हीं चुनावों के सिलसिले में अजित पवार की बारामती में बैठकें तय थीं। इन बैठकों से पहले ही यह हादसा हो गया।

**देश के वे नेता, जो दुर्घटना में मारे गए** : गोपीनाथ मुंडे, संजय गांधी, माधवराव सिंधिया, जी.एम.सी. बालयोगी, वाई.एस. राजशेखर रेड्डी ।

अजित पवार का पार्थिव शरीर बारामती अस्पताल लाया गया है। अजित पवार के चाहने वाले और उनके समर्थक रोते-बिलखते अस्पताल पहुंच रहे हैं। इस दौरान लोगों के आंखों से आंसू बह रहे हैं। इधर एविएशन डिपार्टमेंट ने प्लेन क्रैश में जान गंवाने वाले लोगों की जानकारी दी है। अधिकारियों ने बताया कि बारामती विमान हादसे में अजित पवार के अलावा विदिप जाधव, पिंकी माली, सुमित कपूर और सांभवी पाठक की मौत हो गई। साम्भवी पाठक और सुमित कुमार प्लेन के पायलट थे। जानकारी के अनुसार पवार मुंबई से चार्टर्ड प्लेन में बारामती गए थे। वहां लैंडिंग के दौरान प्लेन रनवे से फिसल गया।



### हादसे को लेकर चश्मदीद ने बताया

बारामती में प्लेन क्रैश लैंडिंग के दौरान मौके पर मौजूद एक चश्मदीद ने कहा, मैंने यह अपनी आंखों से देखा। यह सच में बहुत दुखद रहा. जब विमान नीचे आ रहा था, तो ऐसा लगा कि यह क्रैश हो जाएगा और यह क्रैश हो गया। फिर इसमें बहुत बड़ा धमाका हुआ। उसके बाद, हम यहां भागे और देखा कि विमान में आग लगी हुई थी। विमान में फिर से 4-5 धमाके हुए और लोग यहां आए, उन्होंने लोगों को (विमान से) बाहर निकालने की कोशिश की। लेकिन यह बहुत बड़ी आग थी, इसलिए हम लोग मदद नहीं कर पाए। अजित पवार विमान में सवार थे और यह हमारे लिए बहुत दुखद है। मैं इसे शब्दों में बयान नहीं कर सकता।

### अजीत पवार का आखिरी पोस्ट

अजित पवार ने आखिरी पोस्ट 28 जनवरी को 8 बजकर 57 मिनट पर सोशल मीडिया एक्स के अकाउंट पर की थी। पोस्ट में उन्होंने लिखा, महान स्वतंत्रता सेनानी और स्वराज के लिए संघर्ष करने वाले 'पंजाब केसरी' लाला लाजपत राय जी को उनकी जयंती पर सादर श्रद्धांजलि। उन्होंने देश की आजादी के लिए अपना सब कुछ कुर्बान कर दिया। उनका देशप्रेम और बलिदान हमेशा हमें आगे बढ़ने की प्रेरणा देता रहेगा। अजित पवार की शादी सुनेत्रा पवार से हुई, जिनसे उनके दो बेटे जय और पार्थ पवार हैं। 1982 में, अजित पवार ने एक सहकारी चीनी कारखाने के बोर्ड के लिए चुने जाने के बाद अपने राजनीतिक करियर की शुरुआत की।

**श्रद्धांजलि :** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला, छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, विधानसभा अध्यक्ष रमन सिंह, पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, सांसद बृजमोहन अग्रवाल, नेताप्रतिपक्ष मंहत समेत अन्य नेताओं ने गहरा शोक प्रकट किया है.

**जाँच की माँग:** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने अजित पवार की मौत को लेकर साजिश की आशंका जता दी। उन्होंने सुप्रीम कोर्ट की निगरानी में जांच की मांग करते हुए इशारा किया कि अजित पवार महायुति से दूरी बना रहे थे। समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने भी हादसे की जांच की मांग को अपना समर्थन दिया।

## 6,000 आरक्षक पदों पर नियुक्ति प्रक्रिया पर लगी रोक

**बिलासपुर, 28 जनवरी।** छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय ने प्रदेश की पुलिस आरक्षक (कांस्टेबल) भर्ती प्रक्रिया को लेकर एक अत्यंत महत्वपूर्ण निर्णय सुनाया है। न्यायमूर्ति पार्थ प्रतिम साहू की एकल पीठ ने वर्ष 2023 में विज्ञापित लगभग 6,000 पदों पर चल रही भर्ती प्रक्रिया के तहत अगले आदेश तक किसी भी प्रकार के नियुक्ति पत्र जारी करने पर अंतरिम रोक लगा दी है।

यह मामला 2023 में जारी भर्ती विज्ञापन से संबंधित है, जिसमें शारीरिक दक्षता परीक्षा (फिजिकल टेस्ट) के दौरान भारी अनियमितताओं के आरोप लगे हैं। याचिकाकर्ताओं का पक्ष रख रहे अधिवक्ता मतीन सिद्दीकी ने कोर्ट को बताया कि फिजिकल टेस्ट के दौरान डेटा रिकॉर्डिंग का जिम्मा शासन ने 'टाइम्स टेक्नोलॉजी प्राइवेट लिमिटेड' नामक कंपनी को आउटसोर्स किया था। याचिका में आरोप लगाया गया है कि उक्त कंपनी ने पारदर्शिता का उल्लंघन करते हुए पैसों के लेनदेन के आधार पर कई अयोग्य अभ्यर्थियों को अनुचित लाभ पहुँचाया। सबसे चौंकाने वाला तथ्य यह सामने आया कि कंपनी ने फिजिकल टेस्ट से संबंधित सीसीटीवी फुटेज भी डिलीट कर दिए हैं, जिससे साक्ष्यों के साथ छेड़छाड़ की पुष्टि होती है।

## तीन जिला एवं सत्र न्यायालय को बम से उड़ाने की धमकी

**अंबिकापुर/जगदलपुर, 28 जनवरी।** छत्तीसगढ़ के अंबिकापुर, राजनांदगांव और जगदलपुर के जिला एवं सत्र न्यायालय को बम से उड़ाने की धमकी मिली है. ये धमकी ई-मेल के जरिए दी गई, जिसके बाद कोर्ट परिसर में हड़कंप मच गया. सुरक्षा के लिहाज से परिसर खाली करा दिया गया है. जानकारी के मुताबिक, राजनांदगांव, अंबिकापुर और जगदलपुर कोर्ट कार्यालय के ई-मेल पर सुबह के वक्त संदिग्ध ईमेल आया. इसमें तीनों कोर्ट को बम से उड़ाने की धमकी दी गई थी. धमकी भरे ईमेल के बाद पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी मौके पर पहुंचे हैं. पूरे परिसर की सघन जांच की जा रही. सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है.

**राजनांदगांव जिला न्यायालय को दूसरी बार आया धमकी भरा मेल:** राजनांदगांव जिला न्यायालय को दूसरी बार धमकी भरा मेल आया है, जिसमें बम से कोर्ट परिसर को उड़ाने की धमकी दी गई है. ईमेल के बाद से प्रशासन अलर्ट मोड पर है. जिला न्यायालय पर डॉग एस्कॉर्ट एवं बम स्क्वायड दोनों टीम पहुंची और जिला न्यायालय के जगह-जगह छानबीन की जा रही है. बताया जा रहा है कि 10:00 बजे के आसपास फिर एक मेल आया उसको लेकर जिला प्रशासन अलर्ट है. बता दें कि एक माह पहले ही एक और ऐसी मेल आया था, जिसमें राजनांदगांव जिला न्यायालय को बम से उड़ाने की धमकी दी गई थी. वहीं बिलासपुर जिला कोर्ट को भी बम से उड़ाने की धमकी मिल चुकी है.

एडिशनल एसपी कीर्तन राठौर ने बताया कि जिला न्यायालय राजनांदगांव में बम लगाए जाने की सूचना अज्ञात व्यक्ति द्वारा मेल के माध्यम से दी गई थी. जिसके बाद एहतियातन बीडीएस की टीम को तत्काल न्यायालय परिसर में चेकिंग के लिए भेजा गया. लेकिन किसी भी प्रकार की कोई भी संदिग्ध वस्तु बरामद नहीं की गई है.

### सीजीपीएससी परीक्षा घोटाला

## सोनवानी समेत तीन आरोपियों की जमानत याचिका खारिज

**बिलासपुर, 28 जनवरी।** हाईकोर्ट ने छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग 2020-2022 के परीक्षा घोटाला के आरोपी तत्कालीन अध्यक्ष टामन सिंह सोनवानी, परीक्षा नियंत्रक आरती वासनिक और डिप्टी परीक्षा नियंत्रक ललित गनवीर की द्वितीय जमानत आवेदन को भी खारिज कर दिया है। मामले की सुनवाई जस्टिस विभु दत्त गुरू की कोर्ट में हुई। छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग ने 2020-2022 में परीक्षा आयोजित किया गया था। इस परीक्षा में चैयरमेन टामन सिंह सोनवानी, परीक्षा नियंत्रक आरती वासनिक, डिप्टी परीक्षा नियंत्रक ललित गनवीर एवं अन्य पर पेपर लीक कर अपने रिश्तेदारों को उपलब्ध कराने एवं परीक्षा में चयन कराने का आरोप है। अध्यक्ष, अधिकारियों व नेताओं के करीबी रिश्तेदारों के चयन होने पर इसकी शिकायत की गई। मामले में पहले ईओडब्ल्यू, एसीबी ने बालोद जिला में एफआईआर दर्ज किया। इस घोटाले की स्वतंत्र जांच की मांग को लेकर हाईकोर्ट में याचिका दाखिल की गई। जिसके बाद सरकार की ओर से जवाब पेश कर मामले को सीबीआई को सौपने की बात कही गई। सीबीआई ने जांच उपरांत तत्कालीन अध्यक्ष सहित अन्य के खिलाफजुर्म दर्ज कर गिरफ्तार किया है।

### राष्ट्रपति मुर्मू के बजट अभिभाषण में बस्तर का जिक्र

## पूरा देश देख रहा माओवाद से प्रभावित इलाकों में बदलाव

**रायपुर, 28 जनवरी।** संसद के बजट सत्र के पहले दिन राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने बुधवार को दोनों सदनों की संयुक्त बैठक को संबोधित करते हुए माओवाद के दंश से मुक्त हो रहे बस्तर का जिक्र किया. उन्होंने कहा कि पूरा देश माओवाद से प्रभावित इलाकों में बदलाव देख रहा है.

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा कि जब 25 साल बाद बीजापुर के एक गांव में बस पहुंची, तो गांव वालों ने इसे त्योहार की तरह मनाया. युवा बस्तर ओलंपिक्स में जोश से हिस्सा ले रहे हैं. जिन लोगों ने हथियार डाल दिए हैं, वे अब जगदलपुर के पंडुम कैफे में काम कर रहे हैं.

मोदी सरकार की प्राथमिकता को गिनाते हुए राष्ट्रपति ने कहा कि सरकार की पॉलिसी के तहत, सुरक्षा बलों ने माओवादी आतंकवाद के खिलाफ भी सख्ती से कार्रवाई की है। सालों से देश के 126 जिलों में असुरक्षा, डर और अविश्वास का माहौल था. माओवादी विचारधारा ने कई पीढ़ियों के भविष्य को अंधेरे में धकेल दिया था. हमारे युवा आदिवासी और दलित भाई-बहन सबसे ज़्यादा प्रभावित थे.

### बस्तर पंडुम का शुभारंभ करेंगी राष्ट्रपति मुर्मू

**रायपुर, 28 जनवरी।** बस्तर पंडुम संभाग स्तरीय में शामिल होने के लिए राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और गृहमंत्री अमित शाह छत्तीसगढ़ आएंगे. 7 फरवरी को बस्तर पंडुम संभाग स्तरीय शुभारंभ कार्यक्रम में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू शामिल होंगे. वहीं समापन कार्यक्रम (8 फरवरी) में गृहमंत्री अमित शाह शिकरत करेंगे. मुख्य सचिव विकास शील ने मंगलवार को राष्ट्रपति मुर्मू के बस्तर प्रवास के मद्देनजर राज्य मंत्रालय (महानदी भवन) में वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारियों की बैठक ली और तैयारियों की समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए. मुख्य सचिव ने राष्ट्रपति के प्रवास अवसर पर सुरक्षा, चिकित्सा, आवागमन सहित तमाम जरूरी व्यवस्थाओं के संबंध में अधिकारियों को निर्देश दिए हैं.

## रायपुर एयरपोर्ट पर 270 ग्राम कोकीन के साथ नाइजीरियन तस्कर बंदी

**रायपुर, 28 जनवरी।** रायपुर के स्वामी विवेकानंद एयरपोर्ट पर बुधवार को ड्रग्स तस्करी का मामला सामने आया. डायरेक्टोरेट ऑफ रेवेन्यू इंटेलिजेंस की सतर्कता से हवाई पैसेंजर के पास से 270 ग्राम कोकेन बरामद किया गया है. आरोपी युवक नाइजीरिया का निवासी बताया जा रहा है, जिसे गिरफ्तार कर डीआरआई ऑफिस लाया गया है. मामले में पूछताछ जारी है. जानकारी के मुताबिक, आरोपी युवक से फॉरवर्ड बैकवर्ड लिंकेज तलाशने के लिए पूछताछ जा रही है. वह दिल्ली से इंडिगो फ्लाइट पकड़कर रायपुर आया था. जब्त 270 ग्राम कोकीन की कीमत करीब 30 लाख रुपए बताई जा रही है.

## खैरागढ़ संगीत विवि अब जाना जाएगा राजकुमारी इंदिरा सिंह के नाम से

**खैरागढ़, 28 जनवरी।** कला और संगीत की नगरी खैरागढ़ में स्थित प्रसिद्ध इंदिरा कला संगीत विश्वविद्यालय के इतिहास में एक नया अध्याय जुड़ गया है. चार वर्षों के लंबे अंतराल के बाद आयोजित 17वें दीक्षांत समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे छत्तीसगढ़ के राज्यपाल रमेन डेका ने एक ऐतिहासिक घोषणा की. अब यह विश्वविद्यालय राजकुमारी इंदिरा सिंह कला संगीत विश्वविद्यालय, खैरागढ़ के नाम से जाना जाएगा.

भावनात्मक जुड़ाव और गौरवशाली इतिहास का सम्मान

राज्यपाल रमेन डेका ने इस फैसले के पीछे की भावनात्मक गहराई को स्पष्ट करते हुए कहा कि नाम परिवर्तन का उद्देश्य संस्थान के ऐतिहासिक और सांस्कृतिक मूल को सम्मान देना है. उन्होंने बताया कि संगीत प्रेमी राजकुमारी इंदिरा सिंह के असामयिक निधन की स्मृति में ही खैरागढ़ के तत्कालीन राजा ने अपना राजमहल दान कर इस विश्वविद्यालय की स्थापना की थी. राज्यपाल ने भरोसा दिलाया कि नाम बदलने की सभी प्रशासनिक प्रक्रियाएं जल्द से जल्द पूरी कर ली जाएंगी.










## जिले में गणतंत्र दिवस उत्साह से मनाया गया

# उद्योग मंत्री ने मुख्य समारोह में तिरंगा ध्वज फहराया और मुख्यमंत्री के संदेश का वाचन किया

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता




**कवर्धा,28 जनवरी।** कवर्धा जिला मुख्यालय के आचार्य पंथ श्री गृंध मुनि नाम साहेब शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय (पी.जी. कॉलेज) मैदान में 77 वां गणतंत्र दिवस समारोह उत्साह और उमंग के साथ मनाया गया। गणतंत्र दिवस पर उद्योग व जिले के प्रभारी मंत्री श्री लखनलाल देवांगन ने पीजी कॉलेज मैदान में आयोजित मुख्य समारोह में तिरंगा ध्वज फहराया। मंत्री श्री देवांगन ने रंगबिरंगे गुब्बारे आसमान में छोड़े। उन्होंने तिरंगा ध्वज फहराकर परेड का निरीक्षण किया और परेड की सलामी ली तथा जनता के नाम मुख्यमंत्री के संदेश का वाचन किया। इस अवसर पर ÷वंदे मातरम÷ रचना के 150 वर्ष पूर्ण होने पर राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम् का सामूहिक गायन किया गया।इस अवसर पर कलेक्टर गोपाल वर्मा, पुलिस अधीक्षक धमेन्द्र सिंह, डीएफओ निखिल अग्रवाल सहित वरिष्ठ नागरिक उपस्थित थे।। नगर पालिका अध्यक्ष श्री चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी, जिला पंचायत सभापति रामकुमार भट्ट, अपर कलेक्टर व प्रभारी जिला पंचायत सीईओ विनय पोयाम, श्री नरेन्द्र पैकरा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री पुष्पेन्द्र बघेल, श्री अमित पटेल सहित जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।शैक्षणिक संस्थानों के विद्यार्थी द्वारा दी गई सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति जिला मुख्यालय के पीजी कालेज मैदान में आयोजित गणतंत्र दिवस के मुख्य समारोह में जिले के 6 अलग-अलग शैक्षणिक संस्थानों के विद्यार्थियों द्वारा देश भक्ति, कला, संस्कृति और सांस्कृतिक कार्यक्रमों की रंगारंग प्रस्तुति दी गई। सांस्कृतिक कार्यक्रमों मे पहला स्थान कस्तुरबा गांधी आवासीय विद्यालय बोड़ला, दूसरा स्थान अनुसूचित जाति एवं जनजाति प्री मैट्रिक छात्रावास कवर्धा और तीसरा स्थान गुरुकुल पब्लिक स्कूल कवर्धा रहा ।

### ब्राह्मण समाज सदैव ज्ञान, शिक्षा और सामाजिक समरसता का वाहक रहा है : प्रेमप्रकाश पांडेय

**भिलाई, 28 जनवरी।** राष्ट्रीय सर्व ब्राह्मण समाज द्वारा प्रादेशिक सम्मेलन, सम्मान समारोह एवं युवक-युवती परिचय सम्मेलन का आयोजन किया गया। जिसमें कान्यकुब्ज, सनाढ्य, सरयूपारीण, ब्रह्मभट्ट, बंगाली, तेलुगु, आंध्र, तमिल, केरल, गुजराती, महाराष्ट्रीय, बुंदेलखंड, पंजाबी, नर्मदांचलिक, उत्कल, उत्तरांचल, बिहार एवं उत्तर प्रदेश क्षेत्र के ब्राह्मण समाजों की उल्लेखनीय उपस्थिति रही। मुख्य अतिथि पूर्व विधानसभा अध्यक्ष प्रेमप्रकाश पांडेय ने कहा कि ब्राह्मण समाज सदैव ज्ञान, शिक्षा और सामाजिक समरसता का वाहक रहा है। समाज को और अधिक सशक्त बनाने के लिए बच्चों की शिक्षा पर विशेष ध्यान देना आवश्यक है। खादी ग्रामोद्योग बोर्ड अध्यक्ष (कैबिनेट मंत्री दर्जा) राकेश पांडे ने आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि युवक-युवती परिचय सम्मेलन समाज के योग्य युवाओं को सकारात्मक मंच प्रदान करता है। बाल संरक्षण आयोग की अध्यक्ष श्रीमती वर्णिका शर्मा ने छत्तीसगढ़ी भाषा में संबोधन करते हुए छत्तीसगढ़ महतारी पर गीत प्रस्तुत किया।

## एक नजर

### मुनाफे लालच दे की 8 लाख की ठगी

**भिलाई, 28 जनवरी (तछसं.)।** ठग ने टेलीग्राम चैनल के जरिए एक व्यक्ति को 50 से 70 प्रतिशत मुनाफे का लालच देकर करीब 8 लाख 2 हजार रुपए की धोखाधड़ी की रिपोर्ट पर भिलाई नगर थाने पुलिस ने मामले में धारा 318 (4) बीएनएस एक्ट के तहत अपराध दर्ज कर लिया है भिलाईनगर पुलिस ने बताया कि सेक्टर-07 निवासी रवि कुमार को 27 दिसंबर 2025 को टेलीग्राम के माध्यम से वर्क फ्रॉम होम का संदेश प्राप्त हुआ संदेश में दिए गए लिंक पर क्लिक करने के बाद उन्हें व्हाट्सएप और फिर टेलीग्राम चैनल 5123 वर्क एंड लाईफ (स्पेशलिटी रेस्टोरेंट लिमिटेड) से जोड़ास्पेशल डिश के नाम से जमा करवाए 2.5 लाख से ज्यादा पुलिस ने बताया कि 31 दिसंबर 2025 तक पीड़ित से स्पेशल डिश के नाम पर 2,53,850 रुपए और फिर जनवरी 2026 में 4 लाख रुपए तक की रकम जमा कराई गई। जब पीड़ित ने मुनाफे सहित पूरी राशि निकालने की कोशिश की तो ठगों ने क्रेडिट स्कोर के नाम पर फिर 4 लाख रुपए की मांग कर दी इसी दौरान पीड़ित को ठगी का एहसास हुआ पीड़ित द्वारा संपर्क करने पर फोनबंद मिलने लगे और केवल मैसेज के जरिए और पैसे जमा करने का दबाव बनाया गया अंतत पीड़ित ने 25 जनवरी को भिलाई नगर थाना पहुंच कर लिखित शिकायत दर्ज करायी है गया। यहां उन्हें ऑनलाइन टास्क पूरा करने पर अधिक मुनाफा देने का झांसा दिया गया। शुरुआत में विश्वास जीतने के लिए आरोपियों ने पीड़ित को एक छोटा टास्क दिया, जिसे पूरा करने पर उसके खाते में 1135 रुपए ट्रांसफर किए गए। इसके बाद 10 हजार रुपए निवेश करने पर 50 प्रतिशत लाभ का लालच दिया गया पीड़ित ने राशि जमा करने पर उसे 14,950 रुपए वापस मिले, जिससे उसका भरोसा और बढ़ गया। इसके बाद आरोपियों ने धीरे-धीरे निवेश की राशि बढ़ानी शुरू कर दी। कभी 46 हजार, तो कभी 1,02,350 रुपए स्पेशल टास्क और आठ गुना कमीशन के नाम पर जमा कराए गए। पीड़ित ने बताया कि ठगों के कहने पर उसने गोल्ड गिरवी रखकर भी रकम जुटाई और भारतीय स्टेट बैंक के अलग-अलग खातों में सीडीएम मशीन और यूपीआई के जरिए पैसे जमा किए।


### पुलिस व्यवहार में नियंत्रण रखे:आईजी



**भिलाई, 28 जनवरी (तछसं.)।** भिलाई नए आईजी अभिषेक शांडिल्य ने पुलिस कंट्रोल सेक्टर 6 में बैठक लेकर हिदायत पहली बार बैठक लेकर दी हिदायत दिया है इस दौरान कर्मी अपने कर्यो व आचरण व्यवहार पर प्रभावी नियंत्रण रखने को कहा है अपराध व शिकायतों का समय सीमा पर निराकरण जिले की पुलिसिंग में कसावट लाने वित्तीय धोखाधड़ी से जुड़े मामलों को रोकने शहर के व्यावसायिक संस्थानों में संभावित संस्था, कंपनी की पतासाजी करे, लिस्टिंग तैयार करे, लुभावने विज्ञापन, स्कीम के बारे में थाना स्तर पर जानकारी एकत्रित करें सभी थाना प्रभारी अपने कर्मियों को गतिविधि और उनके कार्यों पर निगरानी, प्रभावी नियंत्रण रखें, सभी थाना प्रभारी अधिक से अधिक प्रथम सूचना पत्र स्वयं दर्ज करें, थानों में धोखाधड़ी से जुड़े मामले बड़ी संख्या में लंबित हैं। ऐसे एक वर्ष से अधिक समय से लंबित धोखाधड़ी के मामलो का प्राथमिकता से निराकरण करें। नए प्रावधान के मुताबिक प्रकरणों का 60 एवं 90 दिनों में निराकरण करे बैठक में दुर्ग एसएसपी विजय अग्रवाल, एएसपी मणीशंकर चन्द्रा, ट्रैफिक सुश्री ऋचा मिश्रा, आईयूसीएडब्ल्यू ममता देवांगन सभी पुलिस अधिकारी थाना, चौकी प्रभारी मौजूद थे।

### हत्या के मामले में आरोपी गिरफ्तार

**भिलाई, 28 जनवरी (तछसं.)।** भिलाई पुराने रकम के लेनदेन को लेकर विवाद मामले में युवक की हत्या कर फरार होने वाले को पुलिस ने आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है दुर्ग सिटी कोतवाली टीआई नवीन राजपूत ने बताया कि कसारीडीह दुर्ग निवासी ऋषि निर्मलकर नामक युवक की मौत संदिग्ध परिस्थित में हुई थी जिसका पुलिस ने पीएम कराया और परिजनों का बयान दर्ज भी कराया गया जांच में पुलिस को पता चला कि 24 जनवरी को होटल ×6 इन, इंदिरा मार्केट दुर्ग में ऋषि निर्मलकर के साथ युवकों ने पुराने पैसों की वसूली की बात को लेकर हाथ-मुक्कों से जमकर मारपीट की थी जिससे ऋषि गंभीर हो गया था उपचार के दौरान चोट के कारण ऋषि की मौत हो गई थी पुलिस ने आरोपियों मेजर सागर, काके उर्फ हरविंदर सिंह, प्रशांत राव, समेत अन्य युवकों ने ऋषि की हत्या किया। मामले में पुलिस ने हत्या का अपराध कायम किया है मामले में पुलिस ने प्रशांत राव को गिरफ्तार किया है फरार आरोपियों की तलाश में पुलिस जुटी है ।



# गुरुकुल पब्लिक स्कूल में शान से लहराया तिरंगा



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**कवर्धा,28 जनवरी।**गुरुकुल पब्लिक स्कूल कवर्धा में 77वाँ गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास पूर्वक नयनाभिराम प्रस्तुति के साथ मनाया गया। इस शुभ अवसर पर संचालन समिति के अध्यक्ष संतोष बोथरा, निदेशक सूचित बोथरा विशिष्ट अतिथि के रूप में रामचंद्र राजपूत, अंकुश विश्वकर्मा, दीपक सिंह ठाकुर, रवि सिंहा तथा संतोष कोचर सहित समस्त पदाधिकारी गण, प्राचार्य समस्त शिक्षक शिक्षिकाएँ एवं छात्र-छात्राएं एवं अधिकांश संख्या में पालक गण उपस्थित थे। मीडिया प्रभारी हिंदी पीजीटी डॉ. विजय कुमार शाही ने बतलाया कि इस समारोह के विशिष्ट अतिथियों के कर कमलों द्वारा राष्ट्रध्वज फहराया गया। इस समय पूरा विद्यालय प्रांगण राष्ट्रगान से गुंजित होता रहा। तत्पश्चात विद्या की देवी माँ सरस्वती के तैल चित्र पर दीप प्रज्ज्वलित करने के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। विद्यालय के नन्हे बच्चों ने विविध सांस्कृतिक प्रस्तुति देकर दर्शक दीर्घा को मंत्रमुक्त कर दिया। छात्राओं ने मनमोहक नृत्य की प्रस्तुति देकर सभी दर्शकों की वाहवाही लूटी। कक्षा आठवीं के छात्र मिकेश सोनी, कक्षा नौवीं के छात्र आदित्य हंस राजपूत ने हिंदी में अपने विचार को व्यक्त किया। शिक्षक नेत्रानंद विश्वकर्मा ने मधुर कविता प्रस्तुत की। गणतंत्र दिवस पर जिला स्तरीय सांस्कृतिक समारोह में शाला के विद्यार्थियों ने ऑपरेशन सिंदूर की बेहतरीन प्रस्तुति देकर शाला को गौरवान्वित किया। संतोष बोथरा अध्यक्ष, शाला संचालन समिति ने गणतंत्र की गरिमा एवं महिमा के साथ अपने उच्च विचारों से प्रेरणादायक उद्बोधन देकर सभी को प्रेरित किया। शाला के प्राचार्य मनोज कुमार राय ने अपने स्वागत उद्बोधन में कहा कि गणतंत्र की रक्षा के लिए हम सभी को तन मन से सदैव तत्पर रहना चाहिए। इस अवसर पर विद्यालय में कार्यरत 26 शिक्षक शिक्षाओं को उनकी विशिष्ट सेवा के लिए पुरस्कृत व सम्मानित किया गया। प्रभारी शिक्षक ऋषभ जायसवाल ने सभी का आभार व्यक्त किया। विद्यालय ने अपने सामाजिक सरोकारों को ध्यान में रखते हुए गणतंत्र दिवस के पावन अवसर पर विद्यालय की तरफ से वृद्धाश्रम, कवर्धा के प्रबुद्धजन को विनम्रता के साथ मध्याह्न भोजन की व्यवस्था की। संस्था के समस्त पदाधिकारीगण एवं प्राचार्य ने गणतंत्र दिवस पर शाला परिवार को हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाइयां दीं।

### निसार उपग्रह मिशन पर आईईआई ने की विशेषज्ञ वार्ता आयोजित

**भिलाई, 28 जनवरी।** द इंस्टीट्यूशन ऑफ इंजीनियर्स (इंडिया) स्थानीय केंद्र द्वारा नासा-इसरो के संयुक्त प्रतिष्ठित निसार उपग्रह मिशन पर विशेषज्ञ वार्ता का आयोजन मंगलवार इंजीनियर्स भवन, सिविक सेंटर में किया गया। मुख्य अतिथि सुब्रत मुखोपाध्याय, पूर्व कार्यपालक निदेशक प्रभारी भिलाई इस्पात संयंत्र थे, जबकि मुख्य वक्ता डॉ. नरेंद्र नारायण दास, एसोसिएट प्रोफेसर, मिशिगन स्टेट यूनिवर्सिटी एवं नासा निसार मिशन के विज्ञान दल के सदस्य रहे।डॉ. दास ने अपने व्याख्यान में जल-ऊर्जा-खाद्य के अंतर्संबंधों के अध्ययन में निसार उपग्रह की भूमिका पर अत्यंत रोचक और सरल प्रस्तुति दी। उन्होंने बताया कि निसार उपग्रह विद्युत-चुंबकीय तरंग आधारित सेंसरों के माध्यम से मृदा के परावैद्युत गुणों का आकलन कर मृदा नमी मापता है। निसार की परिक्रमण गति लगभग 7 किलोमीटर प्रति सेकंड है ।

# महिला सदन बावाकुटी में धूमधाम से मनाया गया गणतंत्र दिवस

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**उतई,28 जनवरी।** ग्राम सेलूद के महिला सदन बावाकुटी के पास ग्रामीणजन उपस्थित होकर राष्ट्रीय पर्व गणतंत्र दिवस को धूमधाम से मनाया गया द्य उक्त अवसर पर खेमलाल साहू पूर्व मण्डल अध्यक्ष ने अपने उद्बोधन में कहा कि हर साल 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस मनाया जाता है। यह देश के सबसे महत्वपूर्ण राष्ट्रीय त्योहारों में से एक है। यह उस दिन की याद दिलाता है जब 1950 में हमारे देश का संविधान लागू हुआ था। तब से हर साल गणतंत्र दिवस बताता है कि भारत एक संप्रभु और लोकतांत्रिक गणराज्य है। यह दिन स्वतंत्रता सेनानियों और क्रांतिकारियों के लहू से आजादी की लड़ाई और बहादुरी की भी याद दिलाता है। यह दिन भारत की समृद्ध संस्कृति, एकता और विविधता जश्न मनाने के लिए ही नहीं बल्कि उन सभी क्रांतिकारियों और स्वतंत्रता सेनानियों को याद करने का भी है। कृष्ण कुमार साहू ने कहा कि यह समय देश के प्रति अपने प्यार और सम्मान को व्यक्त करने और एक जिम्मेदार नागरिक के तौर पर अपने कर्तव्यों पर विचार करने का होता है। नोमिता शर्मा ने कहा कि महान देश का नागरिक होने के नाते हमारी कुछ जिम्मेदारियां भी हैं जैसे-संविधान का सम्मान करना, दूसरों की मदद करना और समाज में सकारात्मक योगदान देना है। हम अपने तिरंगे को सलाम करें और न्याय, स्वतंत्रता, समानता और भाईचारे के आदर्श बनाए रखें द्य संचालन रमेश देवांगन एवं आभार प्रदर्शन भोलाराम साहू ने किया द्य उक्त अवसर पर श्रीमति खेमिन साहू पूर्व सरपंच, टामन लाल साहू सोसायटी अध्यक्ष, महेश्वर बंछोर शक्ति केंद्र प्रभारी, राजू देवांगन सह प्रभारी, जयप्रकाश साहू पंच, जयंत साहू, उमेश सिन्हा , बूथ अध्यक्ष द्वय, आशीष शर्मा, नरोतम साहू, दीपक साहू, ओमप्रकाश साहू, प्रकाश साहू, लक्ष्मण वर्मा, दिनेश बरहरे, हितेश कुमार, राजू साहू, दिलेश्वर साहू, मनोज ठाकुर, रामेश्वर साहू, कमल साहू, केवरा साहू, भोजेश्वरी साहू, ललिता वर्मा, पीताम्बरी साहू, ललिता बनपेला, योगेश्वरी बनपेला, तीजिया साहू, चितरेखा साहू, सुरेखा ठाकुर आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, अंजली सहायिका, उमा साहू, रम्भन साहू, सुरेखा साहू, देवरिन ठाकुर, मंगतिन ठाकुर, रीना ठाकुर, तुलेश्वरी साहू, गुलापा साहू मोना साहू, सहित ग्रामीण जन उपस्थित रहे ।

# भिलाई में गणतंत्र दिवस पर उत्साह से जगह-जगह फहराया तिरंगा



**भिलाई, 28 जनवरी।** नगर पालिक निगम भिलाई में 77वां गणतंत्र दिवस धूमधाम से मनाया गया। मुख्य आयोजन निगम मुख्यालय में संपन्न हुआ, जहां महापौर नीरज पाल एवं निगम आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय ने प्रातः 8 बजे संयुक्त रूप से ध्वजारोहण किया। इस अवसर पर नेता प्रतिपक्ष भोजराज सिंहा, महापौर परिषद सदस्य आदित्य सिंह, जोन अध्यक्ष राजेश चौधरी, अपर आयुक्त राजेंद्र दोहरे, उपायुक्त नरेन्द्र बंजारे, दिनेश कोसरिया, अधीक्षण अभियंता अजीत कुमार तिग्गा, दीपक जोशी एवं निगम अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे । उपस्थित सभी जनप्रतिनिधि, अधिकारी एवं कर्मचारियों ने गगनभेदी नारों के साथ भारत माता की जय और वंदे मातरम का उद्घोष किया। गणतंत्र दिवस के अवसर पर सम्मान और पदोन्नति का विशेष उत्साह रहा। विभागीय एवं अन्य क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले 22 अधिकारी-कर्मचारियों तथा स्थानांतरित हुए 3 कर्मियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। अनुकंपा नियुक्ति के तहत वर्ष 2022 में नियुक्त 12 कर्मचारियों को उनकी सेवा अवधि पूर्ण होने पर शासन के नियमानुसार परीविक्षा अवधि समाप्ति पश्चात स्थायी किया गया। छानबीन समिति की अनुशंसा पर तीन कर्मचारियों को पदोन्नति का उपहार मिला। विरेन्द्र कुमार एवं राजेश कुमार जांगड़े को चतुर्थ श्रेणी से सहायक राजस्व निरीक्षक पद पर पदोन्नत किया गया। रमेश कुर्रे सहायक ग्रेड-3 के ग्रेड-पे में पदोन्नत हुए। वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन एवं महापौर नीरज पाल की उपस्थिति में प्रातः नेहरू नगर चौक एवं लोकंगण में विशाल तिरंगा फहराया गया। विधायक देवेन्द्र यादव एवं महापौर नीरज पाल की उपस्थिति में गौतम नगर एवं शहीद पार्क में विशाल तिरंगा फहराया गया।



नगर निगम के भारतीय मजदूर संघ कार्यालय में गणतंत्र दिवस पर महापौर नीरज पाल, नेता प्रतिपक्ष भोज राज सिन्हा, जोन पांच के जोन अध्यक्ष राजेश चौधरी, महापौर परिषद के सदस्य आदित्य सिंह ने माँ सरस्वती की पूजा अर्चना कर दीप प्रज्वलित करके ध्वजारोहण किया गया द्य स्वायत्तशासी कर्मचारी संघ के अध्यक्ष शशि भूषण महांती, प्रदेश अध्यक्ष शरद दुबे, विष्णु चंद्राकर, रामवृक्ष यादव, नलनीश मिश्रा, संजय शर्मा, अनिल मेश्राम ने अपने अपने विचार व्यक्त किए गए। इस अवसर पर महामंत्री रोहित बंजारे, अर्पित द्विवेदी, सुनील जोशी, विश्वजीत सेन गुप्ता, बसंत देवांगन, हेमचद बंजारे, वीरेंद्र बंजारे, गिरधर वर्मा सहित निगम अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित थे।

छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड के दुर्ग क्षेत्रीय मुख्यालय, रायपुर नाका में गणतंत्र दिवस समारोह आयोजित किया गया। मुख्य अभियंता संजय खंडेलवाल ने ध्वजारोहण कर तिरंगे को सलामी दी और देश के शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर पॉवर कंपनीज के अध्यक्ष के संदेश का वाचन करते हुए विभागीय उपलब्धियों की जानकारी दी गई। समारोह में उत्कृष्ट कार्य करने वाले 12 कर्मचारियों को स्मृति चिन्ह, प्रशस्ति पत्र एवं सम्मान राशि प्रदान कर सम्मानित किया गया। बोरसी जोन के सहायक अभियंता डिलेन्द्र कुमार देशमुख को सोलर पैनल स्थापना में विशेष योगदान हेतु पुरस्कृत किया गया।



भारतरत्न लोकनायक जयप्रकाश नारायण स्मारक प्रतिष्ठान की ओर से एचएससीएल कॉलोनी रुआबांधा में अध्यक्ष आर पी शर्मा ने तिरंगा फहराया। इस दौरान शर्मा ने कहा कि आज सबसे बड़ी चुनौती संविधान की आत्मा को बचाने की है। इस अवसर पर प्रतिष्ठान की ओर से कपिल प्रसाद, जीवनंदन यादव ,नन्द कुमार साहू के साथ अरविंद कुमार यादव, विद्या भूषण, मदन श्रीवास्तव, हर्षवर्धन, प्रीत, आरव कुमार,



कुहू, पीहू, हरलीन कौर और जीविका सहित अन्य उपस्थित थे।

### भाजपा नेता मनीष पांडे ने कई जगह फहराया तिरंगा




श्रीराम जन्मोत्सव समिति के युवा विंग अध्यक्ष व भाजपा नेता मनीष पाण्डेय ने गणतंत्र दिवस के अवसर पर इस्पात नगरी के विभिन्न स्थानों पर ध्वजारोहण किया। उन्होंने उपस्थित जनों को गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि भारत का संविधान हमारी लोकतांत्रिक आस्था, समानता और सामाजिक न्याय का मजबूत आधार है। पाण्डेय ने गणतंत्र दिवस के अवसर पर स्वामी आत्मानंद शासकीय इंग्लिश मीडियम स्कूल सेक्टर 06, पीएम श्री स्वामी आत्मानंद शासकीय विद्यालय एवं शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, सेक्टर 11 खुर्सीपार में ध्वजारोहण किया।

### शहर को कब्जा मुक्त बनाने लगातार अभियान जारी



**भिलाई, 28 जनवरी।** निगम आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय द्वारा जोन आयुक्त एवं सहायक राजस्व अधिकारियों को अवैध कब्जा हटाने निर्देशित किया गया है। निर्देशानुसार 28 जनवरी को जोन-3 सुभाष चौक में अवैध रूप से संचालित मांस-मटन दुकान को पुलिस बल की उपस्थिति में बेदखल किया गया है। दुकान सड़क किनारे एवं चौक पर खोले जाने से आवागमन बाधा उत्पन्न हो रहा था, नागरिको की समस्या एवं सड़क बाधा को देखते हुए अवैध दुकान को हटाया गया। इसी प्रकार जोन-4 खुर्सीपार क्षेत्र के डबरा पारा तिराहा के पास स्थित वेंडिंग जोन में अस्थायी रूप से अतिक्रमण कर कब्जा किया जा रहा था, जिसे निगम के राजस्व एवं बेदखली दस्ता की संयुक्त टीम द्वारा कब्जा मुक्त कराया गया ।

## समाचार संक्षेप

### केंऔसुब के मुख्यालय में गणतंत्र दिवस पर फहराया गया तिरंगा



**उतई, 28 जनवरी (तछसं.)।** 77 वॉ गणतंत्र दिवस केऔसुब तृतीय आरक्षित वाहिनी उतई भिलाई में मुख्य अतिथि निलिमा रानी सिंह, महानिरीक्षक केऔसुब मध्य क्षेत्र मुख्यालय भिलाई के अतिथ्य में संम्पन्न हुआ। सर्वप्रथम मुख्य अतिथि द्वारा झंडा वंदन किया गया तथा वाहिनी के जवानों द्वारा तिरंगे को राष्ट्रीय सलामी दिया गया। इस मौके पर दया शंकर, उप महानिरीक्षक केऔसुब मध्य क्षेत्र मुख्यालय भिलाई, महेश पोवरेल, वरिष्ठ कमाण्डेंट के औसुब तृतीय आरक्षित वाहिनी भिलाई, हनिफ मोहम्मद, सहायक उप महानिरीक्षक, केऔसुब मध्य क्षेत्र मुख्यालय भिलाई, शनि कुमार भट्ट, कमांडेन्ट, केऔसुब केऔसुब तृतीय आरक्षित वाहिनी भिलाई, डॉ0 मोहम्मद हुसैन, मुख्य चिकित्सा अधिकारी संयुक्त अस्पताल भिलाई, पुरूषोत्तम मलिक, उप कमांडेन्ट, महिपाल सिंह मीणा, सहायक कमाण्डेंट, निरीक्षक कार्य मनिषा झा,, आरक्षित निरीक्षक, अन्य अधिकारीगण, बल सदस्य व उनके परिवारजन उपस्थित थे । मुख्य अतिथि ने जवानों को संबोधित करते हुए स्वतंत्रता संग्राम में शहीद हुए देशभक्तों को याद किया । उसके संस्कृत कार्यक्रम की रंगारंग प्रस्तुति हुई जिसमें छोटे- छोटे बच्चों द्वारा देशभक्ति नृत्य प्रस्तुत किया गया।

### पेट्रोल पंप संचालकों से अपील , हेलमेट पहनने के प्रति जागरूकता बोर्ड अवश्य लगाएं



**कवर्धा,28 जनवरी (तछसं.)।** यातायात सुरक्षा माह कार्यक्रम में जिले वासियों को शराब पीकर गाड़ी ना चलाए और हेलमेट पहनकर दुपहिया वाहन चलाए ओर शीट बेल्ट पहनकर कार , जिप, मोटर चलाए ओर यातायात सुरक्षा का नियम का पालन करे यह सभी जागरूकता संदेश दिए गए । यातायात सुरक्षा नियमों का पालन कर रहे है लोग जो की बहुत अच्छी बात है लेकिन दुपहिया वाहन चालकों में हेलमेट नहीं पहनने की आदत में सुधार नहीं दिख रही है जो की चिंतनीय विषय है । पेट्रोल पंप में हेलमेट जागरूकता अभियान बोर्ड की कमी दिख रही है । भिलाई दुर्ग में पेट्रोल पंप में बोर्ड लगे होते है हेलमेट है तो पेट्रोल मिलेगा लेकिन कबीरधाम जिले के पेट्रोल पंप में हेलमेट है तो पेट्रोल मिलेगा यह बोर्ड नहीं लगा होता है जो की चिंतनीय विषय है। भिलाई दुर्ग में हेलमेट पहनने की आदत लगातार बढ़ रही है पेट्रोल पम्प में हेलमेट जागरूकता बोर्ड के कारण युवाओं में हेलमेट पहनने की आदत लगातार बढ़ रही है । जिला यातायात प्रभारी अजयकांत तिवारी ने पेट्रोल पंप संचालकों से अनुरोध किया है की दुपहिया वाहन चालकों के सुरक्षित जीवन के उद्देश्य के खातिर हेलमेट जागरूकता बोर्ड अवश्य लगाएं । हेलमेट पहनकर आयेंगे तभी पेट्रोल मिलेगा । जिले वासियों से भी विनम्र अपील की हेलमेट पहनकर दुपहिया वाहन अवश्य चलाए ।

### म्यूल एकाउंट मामले में पुलिस ने की कार्रवाई

**भिलाई, 28 जनवरी।** सुपेला थाना अंतर्गत साइबर अपराध से जुड़ा एक बड़ा मामला सामने आया है गृह मंत्रालय द्वारा संचालित समन्वय पोर्टल से प्राप्त नंबर के माध्यम से म्यूल अकाउंट की जानकारी मिलने पर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए एक आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज किया है सुपेला पुलिस ने बताया कि जेना स्माल फाइनेंस बैंक सुपेला शाखा में खाता धारक गोपी राम देवांगन (30 साल ) निवासी सोनिया गांधी नगर जोन-01 सेक्टर-11 खुर्सीपार जिला दुर्ग (छत्तीसगढ़) द्वारा यह खाता खुलवाया गया था जांच में सामने आया कि आरोपी ने यह जानते हुए कि उक्त खाता साइबर ऑनलाइन ठगी की राशि प्राप्त करने के लिए उपयोग किया जाएगा, जानबूझकर अपने बैंक खाते को म्यूल अकाउंट के रूप में इस्तेमाल होने दिया। पुलिस जांच में यह भी पाया गया कि 26 दिसंबर 2024 को आरोपी के खाते में ऑनलाइन ठगी के माध्यम से अवैध रूप से 8 लाख 12 हजार 253 रुपये की राशि जमा की गई। यह रकम विभिन्न साइबर ठगी मामलों से प्राप्त होना पाई गईष् इससे आरोपी ने छलपूर्वक व बेईमानी से अवैध धनलाभ अर्जित करने का प्रयास किया। सुपेला थाना पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए आरोपी गोपी राम देवांगन के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता की धारा 317 (2) एवं 318(4) के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया है पुलिस ने बैंक लेन-देन, डिजिटल साक्ष्य एवं अन्य संबंधित लिंक की जांच की जा रही है, ताकि साइबर ठगी से जुड़े अन्य आरोपियों तक भी पहुंचा जा सके ।

### कर न चुकाने वालों से कुर्की दल ने की 2.11 लाख रुपए से अधिक की वसूली




**भिलाई, 28 जनवरी।** नगर निगम भिलाई के आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय के निर्देशानुसार, निगम की वित्तीय स्थिति में सुधार लाने और लंबे समय से लंबित करों की वसूली के लिए कड़ा रुख अपनाया गया है। कुर्की दल ने बड़ी कार्रवाई करते हुए बकायादारों से कुल 2,11,738.00 रु की लंबित कर राशि वसूल कर निगम कोष में जमा कराई है। यह कार्रवाई उन स्वामियों के विरुद्ध की गई जिन्होंने बार-बार सूचना दिए जाने के बाद भी करों का भुगतान नहीं किया था। आयुक्त ने शहरवासियों से अपील की है कि वे किसी भी प्रकार की अप्रिय कुर्की की कार्रवाई और अतिरिक्त अधिभार से बचने के लिए अपने लंबित करों का भुगतान जल्द से जल्द निगम कार्यालय में करें।

### बार एवं रॉड मिल में सुरक्षा पहेली प्रतियोगिता का आयोजन

**भिलाई, 28 जनवरी।** सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के बार एवं रॉड मिल द्वारा सेफ्टी के धुरंधर नामक सुरक्षा पहेली प्रतियोगिता का आयोजन साप्ताहिक अंतराल पर किया जा रहा है। दिसंबर माह की प्रथम साप्ताहिक में आयोजित प्रतियोगिता में मनोहरलाल, खेमलाल एवं शुभम विजेता रहे, वहीं द्वितीय साप्ताहिक प्रतियोगिता में सुश्री अर्चना, विकास एवं अनिल ने सफलता प्राप्त की। इसी कड़ी में साप्ताहिक विजेताओं के मध्य मेगा सुरक्षा पहेली प्रतियोगिता में खेमलाल विजेता घोषित हुए। विभागाध्यक्ष एवं मुख्य महाप्रबंधक योगेश शास्त्री ने विजेता को पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया। कार्यक्रम में उपस्थित बीआरएम विभाग के महाप्रबंधकगण एस.एन. त्रिपाठी, शाश्वत मोहंती, समीर पांडे, शिखर तिवारी, उप महाप्रबंधक तुषार श्रीखंडे, विजी मथाई सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारियों ने प्रतिभागियों को बधाई दीं।

## निधन

### केसर देवी उपाध्याय



**भिलाई, 28 जनवरी।** विवेकानंद कॉलोनी वैशाली नगर निवासी श्रीमती केसर देवी उपाध्याय धर्मपत्नी स्वर्गीय के.आर. उपाध्याय का इलाज के दौरान निधन हो गया, वे 88 साल की थीं। उनका अंतिम संस्कार बुधवार 28 जनवरी को दोपहर 12 बजे रामनगर मुक्ति धाम में किया गया। श्रीमती केसर देवी उपाध्याय शहर के प्रमुख व्यवसायी गजराज उपाध्याय की भाभी, विनोद उपाध्याय, संजीव उपाध्याय की मां व अजय उपाध्याय पिंटू, अमित उपाध्याय की बड़ी मां एवं श्रीमती सुषमा उपाध्याय की सास थीं।

समस्त प्रदेशवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं





# खंड चिकित्सा अधिकारी

अंतागढ़

जिला-उत्तर बस्तर कांकेर (छ.ग.)

---

समस्त प्रदेशवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं

सहायक संचालक

# रेशम विभाग

रेशम संचालनालय

कांकेर

जिला-उत्तर बस्तर कांकेर

---

समस्त प्रदेशवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं





# जिला शिक्षा अधिकारी

कांकेर जिला-उत्तर बस्तर (छ.ग.)

---

समस्त प्रदेशवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं

ग्राम पंचायत-डोमाहर्रा

(जिला उत्तर बस्तर कांकेर)

रमेश कुमार दर्रो
सरपंच

लामेश नेताम
रोजगार सहायक

कृपाराम नरेटी
सचिव

विनीत- समस्त पंचगण एवं ग्रामवासी

डोमाहर्रा-जिला-उत्तर बस्तर-कांकेर

---

समस्त प्रदेशवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं





**जैविक खेती मिशन**

**उद्देश्य-**

- छ.ग. शासन, कृषि विभाग द्वारा राज्य में जैविक खेती द्वारा लागत में कमी एवं टिकाऊ उत्पादकता प्राप्त करना, प्रमाणित जैविक खेती को बढ़ावा देना, जैविक उत्पादन प्रणाली में कृषकों में क्षमता विकास।
- क्लस्टर में जैविक खेती कार्यक्रम का आयोजन।
- जैविक खेती हेतु लघु सीमांत एवं महिला कृषकों / अनुसूचित जाति कृषकों को प्राथमिकता।
- कृषकों का प्रशिक्षण, मिट्टी परीक्षण।
- जैविक खेती तकनीक का फसल प्रदर्शन।
- फसलों का चयन एवं जैविक बीज उत्पादन।
- कृषकों के जैविक उत्पाद के विपणन हेतु जिला एवं प्रदेश के अन्दर तथा प्रदेश के बाहर बाजार की संभावनाओं का तलाश कर विपणन व्यवस्था सुनिश्चित करना।

**जैविक किसान मेला का आयोजन।**

- जैविक प्रमाणीकरण:- जैविक खेती हेतु चयनित फसलों का जैविक प्रमाणीकरण कराना।
- उपसंचालक कृषि विभाग सह आत्मा प्रोजेक्ट उत्तर बस्तर कांकेर

# उपसंचालक कृषि विभाग सह आत्मा प्रोजेक्ट

उत्तर बस्तर कांकेर

---

समस्त प्रदेशवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं





# मा.आशाराम नेताम

विधायक -कांकेर विधानसभा क्षेत्र

विनीत-कांकेर विधानसभा क्षेत्र के समस्त कार्यकर्तागण


संकलनकर्ता

**हेमंत बेश्रा मानिकपुरी**

जिला प्रतिनिधि-तरुण छत्तीसगढ़-कांकेर



## संपादकीय

# देर से हुई पर सबसे बड़ी डील हुई

ऐसे वक्त में जब अमरीका के राष्ट्रपति टैरिफ से डंडे से सबको हांकने का प्रयास कर रहे हैं तो विश्व के तमाम देशों में इसकी प्रतिक्रिया तो होनी थी और कई देशों की प्रतिक्रिया से यह साबित भी हुआ है कि ट्रंप जो कर रहे हैं वह उसे भले ही अमरीका के हित में मानते हो, लेकिन उसका बुरा असर विश्व के बहुत सारे देशों पर पड़ा है और पड़ रहा है। इससे विश्व के वे तमाम देश जो अमरीका से किसी न किसी तरह प्रताड़ित हैं, वह भी कुछ करने की सोच रहे हैं और करने का प्रयास भी कर रहे हैं। ताकि ट्रंप की टैरिफ की नीति व गैंगस्टर की तरह के बर्ताव को गलत बताया जा सके और दुनिया को संदेश दिया जा सके कि ट्रंप जो कर रहे हैं वह विश्व के हित में तो नहीं है। ट्रंप की गलत नीति के कारण देशों के नुकसान हो रहा है लेकिन यह भी स्वीकार करना पड़ेगा कि दुनिया के देश जो अब तक करने में हिचक रहे थे कई देशों की बीच जो दूरी बनी हुई थी, उसे कम करने का प्रयास नहीं कर रहे थे,ट्रंप की नीति के कारण कई देशों की दूरी कम हुई है, जो एक दूसरे की नीति के विरोधी थे,अब विरोध तो भूलकर एक दूसरे से सहयोग करने की सोच रहे हैं और आपस में ऐसी डील भी कर रहे हैं जिससे ट्रंप को बताया जा सके कि विश्व में वही नहीं होगा जो ट्रंप चाहेंगे या अमरीका चाहेगा। वह भी हो सकता है जो दुनिया के और बहुत सारे देश चाहते हैं।ट्रंप की यह बात तो किसी को पसंद नहीं आ सकती और पसंद आ भी नहीं रही है कि मैं तुम्हें जो पेशकश कर रहा हूं, तुम उसे मना नहीं कर सकते। आज देश ट्रंप को मना कर रहे हैं और कह भी रहे है कि उनको क्या करना है, वह कुछ नहीं करेंगे तो क्या होगा यह भी वह जानते हैं। इस बात को कनाडा के प्रधानमंत्री के इस वाक्य से समझा जा सकता है कि अगर हम खाने की मेज पर नहीं होंगे तो हम खाने का मेनू बन जाएंगे। कनाड़ा,ग्रीनलैंड को अमरीका अपने खाने के मेनू में रखा है यानी आज नहीं तो कल इनको कोई खाएगा तो अमरीका ही खाएगा। इसलिए यह देश विरोध कर रहे हैं कि हम अमरीका का खाने के टेबल का मेनू नहीं हैं। वह अमरीका को बता रहे हैं कि तुम गलत कर रहे हो और इसी तरह गलत करते रहे तो तुम्हारे साथ रहने वाले देशों की संख्या कम नही होगी, एक दिन अमरीका अकेला होगा और बाकी देश दूसरी तरफ होंगे। यूरोपीय यूनियन के विषय में एक दशक के पहले कोई सोच नहीं पाता था कि वह कभी अमरीका के खिलाफ भी जा सकता है। लेकिन ट्रंप के कारण जो कभी असंभव लगता था, वह आज संभव हो रहा है, यही यूरोपीय यूनियन है जो अमरीका की सुरक्षा छतरी के नीचे वही सोचता था जो अमरीका सोचता था, वही करता था जो अमरीका चाहता था। यह वही यूरोपीय यूनियन है जो भारत से फ्री ट्रेड डील करने में झिझक रहा था, दो दशक से इस पर बात हो रही थी लेकिन दोनों देश किसी नतीजे पर नहीं पहुंच रहे थे, ट्रंप की एक तरफा फायदे की नीति के चलते कुछ ही महीनों में ट्रेड डील के लिए राजी हो गए और दोनों की बीच 27 जनवरी को यह हो भी गई और इसे दुनिया की सबसे बड़ी डील माना जा रहा है। इसे मदर आफ आल डील कहा जा रहा है। क्योंकि ईयू दुनिया की दूसरी बड़ी इकानामी व भारत दुनिया की चौथी बड़ी इकानामी है।दोनों की इकानामी दुनिया की जीडीपी का 25 प्रतिशत है।अब दुनिया का एक तिहाई ट्रेड दोनों देशों के बीच होगा।ज्ञात हो 27 देशों वाले यूरोपीय यूनियन के बाजारों में अब 99 प्रतिशत भारतीय गुड्स टैक्स फ्री होंगे या कम टैक्स लगेगा। दोनों देशों के बीच यह तय किया गया है कि 12.51 लाख करोड़ रुपए के ट्रेड को 2032 तक दोगुना किया जाएगा। यह डील एक तरफ आत्मनिर्भर भारत के मिशन को मजबूती देगी,वहीं चीन के मुकाबले विश्व स्तर भारत भी एक बड़ा खिलाड़ी बनकर उभरेगा,सबसे अच्छी बात तो यह है कि ट्रंप के कारण दुनिया में अस्थिरता का दौर चल रहा है,उसमें देश की आर्थिक सुरक्षा कैसे की जा सकती है इसका बड़ा उदाहरण भारत व ईयू ने विश्व के सामने पेश किया है। माना जा रहा है कि टैरिफ के जरिए विश्व में दुनिया को डराने वाले ट्रंप को यह यूरोपीय यूनियन व भारत का करारा जवाब है। अमरीका को गलतफहमी थी कि उसकी मनमानी का विरोध ईयू नहीं कर सकता, अपनी सुरक्षा व आर्थिक सुरक्षा के लिए किसी देश के पास नहीं जा सकता लेकिन ट्रंप की यह गलतफहमी ईयू व भारत ने दूर कर दी है। यह तो शुरुआत है अभी तो और कई देश इसी तरह का उदाहरण आने वाले दिनों में पेश कर सकते हैं।

# मुंह में नाम भगवान का और दिल में नफ़रत का ज़हर ?

**विश्लेषण**

**निर्मल रानी**



पूरे देश को नफ़रत की आग में झोंकने की कोशिश में लगे अराजक तत्वों का एक और नफ़रती एजेंडा पिछले दिनों उस समय सामने आया जबकि गत 24 जनवरी को उत्तराखंड की राजधानी देहरादून के निकट मसूरी के बाला हींसार क्षेत्र में वाइनबर्ग एलेन स्कूल में स्थित सूफ़ी संत फ़क़ीर व प्रसिद्ध कवि बाबा बुल्ले शाह की लगभग 100 वर्ष पुरानी मुख्य मज़ार सहित वहां मौजूद दो अन्य मज़ारों को भी कुछ अराजक तत्वों ने हथौड़े, सब्बल और लोहे की रॉड आदि का प्रयोग कर उन्हें क्षतिग्रस्त कर दिया। इन अवांछित तत्वों ने वहां मौजूद कई धार्मिक ग्रंथों व पुस्तकों को फाड़ा। वहां मौजूद दानपेटी तोड़कर उसकी नक़दी लूटी। बुल्ले शाह सहित अन्य कई संतों फ़क़ीरों के चित्र फाड़े। इतना ही नहीं बल्कि उस पवित्र परिसर में शौच कर इन आततायिओं ने अपने 'संस्कारों' का भी परिचय दिया। इस पूरे घटनाक्रम के संबंध में वायरल वीडीओ में सुनाई व दिखाई दे रहा है कि जिस समय यह उपद्रवी तोड़ फोड़ कर रहे थे उस समय वे अभद्र गालियाँ भी बक रहे थे साथ ही जय श्री राम व जय हनुमान के नारे भी लगा रहे थे। गोया साफ़ है कि यह उसी मानसिकता व उसी विचारधारा के मुट्ठी भर लोग थे जिन्होंने अपने ऐसे ही नफ़रती व विषाक्त एजेंडों से भारतीय समाज को बेचैन कर रखा है।

यहाँ एक बात यह भी क़ाबिल -ए -ग़ौर है कि उत्तराखंड में यह घटना उस दौरान घटी है जबकि राज्य में इन दिनों 19 वर्षीय रिसेप्शनिस्ट अंकिता भंडारी की हत्या को लेकर फिर से उबाल आया हुआ है। ग़ौरतलब है कि अंकिता भंडारी की 18 सितंबर 2022 को उत्तराखंड के ऋषिकेश स्थित एक रिज़ॉर्ट में हत्या कर दी गई थी। हत्या के बाद उसके शव को चीला नहर में फेंक दे दिया गया था जो क्षत विक्षत अवस्था में सात दिन बाद बरामद हुआ था। इस काण्ड में मुख्य आरोपी के रूप में आर एस एस व भाजपा से संबंध रखने वाले राज्य के पूर्व मंत्री विनोद आर्य के बेटे पुलकित आर्य के अतिरिक्त सौरभ भास्कर और अंकित गुप्ता के नाम हैं जिन पर अंकिता भंडारी से बलात्कार करने व बाद में उसकी हत्या किये जाने का आरोप है। पिछले दिनों इस मामले में एक बार फिर उस समय उबाल आ गया जब अंकिता को न्याय दिलाने की मांग करने वाले पत्रकार आशुतोष नेगी को उत्तराखंड पुलिस द्वारा गिरफ़्तार किया गया। इसके बाद श्रीनगर गढ़वाल में अंकिता के परिजनों ने धरना शुरू किया, सरकार के पुतले फूंके गए और सोशल मीडिया पर आक्रोश फैल गया और अंकिता भंडारी को न्याय दिलाने हेतु देहरादून से दिल्ली तक प्रदर्शन होने लगे। यह मामला इन दिनों उत्तराखंड की सियासत में गरमाया हुआ है, जहां सरकार पर बड़े नेताओं को बचाने के आरोप लग रहे हैं। इसी संबंध में गत 11 जनवरी को उत्तराखंड बंद का आह्वान भी हुआ। राज्य के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने 8 जनवरी 2026 को अंकिता भंडारी बलात्कार व हत्या मामले की सीबीआई जांच की सिफ़ारिश भी कर दी। इन



परिस्थितियों में यह भी माना जा रहा है कि उत्तराखंड सरकार तथा संघ व भाजपा नेताओं के हत्या व बलात्कार के आरोपों के इसी कलंक से पीछा छुड़ाने की कोशिश के परिणामस्वरूप भी यह घिनौना खेल खेला जा सकता है। यानी अंकिता भंडारी मामले की ओर से जनता का ध्यान हटाने की ग़रज़ से ही देहरादून में बाबा बुल्ले शाह की मज़ार में तोड़फोड़ की गयी हो ?

रहा सवाल प्रसिद्ध पंजाबी सूफ़ी संत और कवि बुल्ले शाह का, तो वे प्रायः कर्मकांडों की निष्फलता और प्रेम के महत्व को ही अपनी शायरी में व्यक्त किया करते थे। उनकी रचनाएँ सूफ़ी दर्शन की मिसाल पेश करने के साथ साथ मानवता, एकता और भेदभाव के खंडन पर केंद्रित हैं। जिसमें बाहरी विद्या या रूढ़ियों के बजाय हृदय की भक्ति प्रधान थी। उनकी प्रमुख रचनाएँ काफ़ियाँ हैं, जो मूलतः पंजाबी भाषा में होने के बावजूद सभी धर्मों में स्वीकृत हैं। बुल्ले शाह ने हमेशा रूह (आत्मा )को एक ही मानते हुये हमेशा ही हिंदू-मुस्लिम भेदभाव का विरोध किया। यही वजह है कि उनकी कविताएँ सूफ़ीवाद की मूल भावना अर्थात एकेश्वरवाद, फ़क़ीरी व प्रेमपंथ को दर्शाती हैं,और निश्चित रूप से यही शिक्षा किसी इंसान को कट्टरपंथी सोच से बचाती हैं। यही वजह है कि कट्टरपंथियों को संतों व फ़क़ीरों की सद्भाव की भाषा और विचार पसंद नहीं आते। अन्यथा क्या वजह है कि इसी विषाक्त मानसिकता के लोग कभी मस्जिद में तोड़ फोड़ करते हैं तो कभी दरगाहों में, कभी चर्च पर हमला व तोड़फोड़ तो कभी बुद्ध, गाँधी व अंबेडकर जैसे महापुरुषों की मूर्ति खंडित करते हैं। यही उत्पाती लोग कभी मस्जिद के सामने भीड़ इकट्ठी कर शोर शराबा कर दूसरे समाज के लोगों को उकसाने का काम करते हैं तो कभी अपनी हिंसक गतिविधियों से किसी शांतिपूर्ण धार्मिक जुलूस को भी उपद्रवी भीड़ में बदल देते हैं। कभी धर्म या जाति देखकर इन्हीं नफ़रती उपद्रवियों की टोली किसी बेगुनाह व्यक्ति को पीट पीटकर मार देती है।

बुल्ले शाह की ही तरह संत कबीर दास भी एक महान कवि व सुधारक थे जिनके प्राकट्य दिवस के अवसर पर 8 वर्ष पूर्व यानी 28 जून 2018 को प्रधानमंत्री मोदी ने उत्तर प्रदेश में मगहर स्थित संत कबीर की समाधि स्थल पर पहुंचकर उनकी मज़ार पर चादर चढ़ाई थी और वहां अपना माथा टेका था। वहां मोदी ने कबीर की शिक्षाओं को याद करते हुये कहा भी था कि ÷संत कबीर जाति में विश्वास नहीं करते थे, वह मानते थे कि हर कोई बराबर है। हम कबीर के बुद्धिपरक संदेश को जनता तक ले जाएंगे और 'न्यू इंडिया' को आकार देंगे÷। जात पात पूछे नहिं कोई, हरि को भजे सो हरि को होय जैसी प्रसिद्ध लोकप्रिय व प्रचलित पंक्ति के रचयिता भी संत कबीर की हैं। परन्तु यह बात भी समझ से परे है कि एक ओर तो नरेंद्र मोदी न केवल कबीर की समाधी पर चादर चढ़ाते हैं बल्कि अजमेर सहित और भी कई दरगाहों पर चादरें भेजकर अपनी हाज़िरी लगते हैं। परन्तु दूसरी ओर इसी विचारधारा से जुड़े लोग उसी संत व फ़क़ीरी के सिलसिले से नफ़रत करते दिखाई देते हैं। आख़िर यह कैसा विरोधाभासी 'न्यू इंडिया ' है ?

ऐसी तमाम ख़बरें सामने आती रहती हैं जिनमें इसी नफ़रती मानसिकता के चंद चिंटू कभी साई बाबा जैसे महान संत का विरोध व उनका अपमान करते दिखाई दे जाते हैं तो कभी गुग्गा माड़ी के भक्तों को पूजा पद्धति सिखाने पहुँच जाते हैं। नफ़रत के इन सौदागरों को किसी संत फ़क़ीर की सद्भावना पूर्ण शिक्षाओं या उसके शांति व प्रेम पूर्ण सन्देश से नहीं बल्कि उसकी धर्म जाति से वास्ता होता है। आज बुल्लेशाह मुसलमानों में कम बल्कि प्रत्येक उस समाज में ज़्यादा लोकप्रिय हैं जो उदारवादी है,जो अंधविश्वास और अंधभक्ति के विरुद्ध है जो पाखंड व आडंबरों को पसंद नहीं करता। आज पूरे विश्व में उनकी मान्यता व लोकप्रियता उनकी शिक्षाओं के कारण है। वास्तव में मुंह में भगवान का नाम और दिल में नफ़रत का ज़हर रखने वाले विद्वेषपूर्ण मानसिकता के इन चिंटुओं की तो औक़ात ही नहीं कि वे बुल्लेशाह जैसे मानवतावादी संतों के नाम को मिटा भी सकें।

# बुढ़ऊ कहीं का!

**कटाक्ष**

**डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा 'उरतृप्त'**



पालकगंज की राजनीति और बरगद की छांव, दोनों ही हजारीलाल जी के कब्ज़े में थीं। यहाँ 'बुढ़ापा' कोई जैविक परिघटना नहीं, बल्कि एक सुनियोजित घेराबंदी थी। हजारीलाल जी उस प्रजाति के 'अमीर बुढ़ऊ' थे जिनकी जेब में नोटों की गड्डियाँ नहीं, बल्कि पूरे गांव की अक्ल गिरवी रखी थी। वे गांव के 'स्वयंभू लैंपपोस्ट' थे। जैसे बिजली का खंभा बीच सड़क पर इस भरोसे खड़ा रहता है कि पूरी कायनात को उससे टकराकर ही अपनी दिशा बदलनी होगी, हजारीलाल जी भी वैसे ही अडिग थे। दरिद्र बूढ़े तो घर के पिछवाड़े 'एक्सपायरी डेट' वाली दवाओं की तरह पड़े रहते थे, पर हजारीलाल जी 'विंटेज वाइन' होने का स्वांग रचते थे। वे मानते थे कि सूरज उनकी इजाजत से उगता है और चाँद उनकी धोती की सफेदी देखकर शर्मिंदा होता है। जो उनकी 'हाँ में हाँ' नहीं मिलाता, हजारीलाल जी उसे अपने रसूख के करंट से ऐसे झुलसाते थे कि वह आदमी ताउम्र 'शॉर्ट सर्किट' का शिकार रहता।

उनकी अक्ल का आलम यह था कि वे खामोश भी रहते तो लोग उसे 'गहन चिंतन' समझकर नोट्स लेते थे। अमीर आदमी की जेब चूँकि अक्लमंद होती है, इसलिए उनकी हर ऊटपटांग बात 'वेद वाक्य' मान ली जाती थी। हजारीलाल जी को यकीन था कि वे फ्यूज होने की मानवीय अवधारणा से ऊपर हैं। वे चाहते थे कि मोहल्ले का हर जवान लड़का अपनी सोच का सिम कार्ड उनके दिमाग के स्लॉट में डाल दे। उनके पास जाने का मतलब था–खुद की पहचान की आहुति देना। वे एक ऐसे लैंपपोस्ट थे जो रोशनी तो कम देते थे, पर अपनी छाया में बैठने वालों से टैक्स वसूलने का हुनर बखूबी जानते थे। मिडिल क्लास के पेंशनभोगी बुजुर्ग उनके इर्द-गिर्द ऐसे परिक्रमा करते थे जैसे किसी शक्तिपीठ के चक्कर काट रहे हों। हजारीलाल जी का बुढ़ापा दरअसल एक 'कॉरपोरेट ऑफिस' था, जहाँ सम्मान केवल 'टर्नओवर' के आधार पर दिया जाता था।

एक दिन गांव में घोषणा हुई कि 'राष्ट्रीय बुढ़ापा आयोग' एक ऐसी मशीन लाया है जो इंसान के शरीर की उम्र नहीं, बल्कि उसके 'दिमाग की उपयोगिता' नापेगी। हजारीलाल जी ने अपनी छड़ी को और मजबूती से पकड़ा और घोषणा कर दी कि इस मशीन की पहली टेस्टिंग उन पर होगी, ताकि दुनिया देख ले कि असली प्रकाश का स्रोत कौन है। पूरा गांव उमड़ पड़ा। दरिद्र बूढ़े अपनी कोठरियों से निकलकर दूर खड़े तमाशा देखने लगे। हजारीलाल जी लैंपपोस्ट की तरह सीना ताने मशीन के सामने खड़े हो गए। उन्हें पूरा भरोसा था कि मशीन उनके अमीर और होशियार होने का ऐसा प्रमाण पत्र देगी कि आने वाली सात पुश्तें उनकी पूजा करेंगी। मशीन ने आवाज़ की–'टिक-टिक-टिक'–और अचानक एक गहरा सन्नाटा छा गया। मशीन के डिस्प्ले पर बड़े अक्षरों में कुछ ऐसा लिखा आया कि हजारीलाल जी की रेशमी धोती का लंगोट ढीला पड़ गया।

मशीन ने हजारीलाल जी की अक्ल को 'शून्य' और उनके अहंकार को 'अनंत' बताया था, लेकिन असली रहस्य तो मशीन के पिछले हिस्से में था। वहाँ से एक पर्ची निकली जिसे गांव के एक शरारती लड़के ने झपट लिया। उस पर्ची पर लिखा था– यह आदमी पिछले बीस सालों से 'फ्यूज' हो चुका है, बस इसकी जेब में रखे 'काले धन' की गर्मी ने इसे अब तक गर्म रखा है। जिस दिन तिजोरी खाली होगी, यह लैंपपोस्ट बीच सड़क पर भरभराकर गिर पड़ेगा। हजारीलाल जी ने आव देखा न ताव, अपनी छड़ी उठाई और मशीन को ही 'करंट' मारने दौड़ पड़े। पर जैसे ही उन्होंने छड़ी उठाई, उनकी जेब फट गई और उसमें से अक्ल की जगह 'उधार के बिल' और 'जमीन के फर्जी कागजात' झरने लगे। हजारीलाल जी को अब गांव के उन दरिद्र बूढ़ों में अपनी जगह साफ़ दिखने लगी थी, जिन्हें वे कल तक 'कबाड़' समझते थे।

हजारीलाल जी उस अपमान से मरे नहीं, बल्कि अगले दिन सुबह फिर उसी बरगद के नीचे उसी अकड़ के साथ बैठे मिले। जब किसी ने मशीन वाली बात पूछी, तो वे मुस्कुराकर बोले– मशीन खराब थी, क्योंकि उसने मेरी अक्ल को 'इंसानी' बताया ही नहीं, उसने मुझे 'साक्षात ईश्वर' घोषित कर दिया था, पर तुम जाहिलों को पढ़ना कहाँ आता है! अब रहस्य यह है कि पूरे गांव के बुढ़ऊ हजारीलाल जी के साथ मिलकर उस मशीन को तोड़ने की साजिश रच रहे हैं, क्योंकि उन्हें डर है कि अगर मशीन ने सबकी 'जेब और अक्ल' का असली अनुपात बता दिया, तो पूरा 'लैंपपोस्ट कल्चर' ही धराशायी हो जाएगा। लेखक इस वक्त अंडरग्राउंड है, क्योंकि पालकगंज के सारे बुढ़ऊ अपनी लाठियों में तेल पिलाकर उसे ढूंढ रहे हैं।

## राशिफल

**मेष राशि:** के लिए आज का दिन अनुकूल रहेगा. आपका मन आज धर्म कर्म और भक्ति में लगेगा. आप मंदिर अथवा किसी धार्मिक स्थल की यात्रा कर सकते हैं. पड़ोसियों से आपको आज सहयोग मिलेगा. कारोबार में आज आपको आर्थिक लाभ मिलेगा.

**वृषभ राशि:** आज का दिन वृषभ राशि के लिए शुभ रहेगा. आप आज परिवार से सहयोग पाएंगे. दिन आपका प्रसन्नता से बीतेगा. रुके हुए काम आपके आज बनेंगे. वैवाहिक जीवन में आज जीवनसाथी के साथ आपका तालमेल बना रहेगा. आपके घर में आज किसी धार्मिक कार्य का आयोजन हो सकता है. किसी पड़ोसी अथवा मित्र से आपको सहयोग मिलेगा. शाम का समय खर्चीला होगा.

**मिथुन राशि :** मिथुन राशि के जातको के लिए आज का दिन व्यस्तता भरा रहेगा. दिन भर आपके ऊपर आज काम का दबाव बना रहेगा. आपको आज अपने कई जरूरी अटके काम भी निपटाने होंगे. कार्यक्षेत्र में आपको आज सहकर्मियों और सहयोगियों से पूरा सहयोग मिलेगा. जीवनसाथी के स्वास्थ्य के प्रति ध्यान देने की जरूरत है.

**कर्क राशि:** कर्क राशि के लोगों के लिए आज का दिन सुखद दिखाई दे रहा है और भाग्य में वृद्धि के संकेत मिल रहे हैं. आज कोई प्रॉपर्टी संबंधी डील में आपको सफलता मिलने का योग बना है. संतान पक्ष से आपको आज सुखद समाचार प्राप्त होंगे.

**सिंह राशि :** सिंह राशि के लोगों के लिए आज का दिन सुखकारक रहेगा. पारिवारिक जीवन मे आपको आज जीवनसाथी और विशेष रूप से पिता से सहयोग मिलेगा. आपको आज किसी काम अल्प प्रयास से सफलता मिलने का योग बना है. आज व्यावसायिक स्थान में बदलाव आपके लिए अच्छा साबित होगा.

**कन्या राशि:** कन्या राशि के लोगों के लिए आज का दिन शुभ रहने वाला है. आपको आज कार्यक्षेत्र में बुद्धि और अनुभव का साथ मिलेगा आपको आज अधिकारी वर्ग से सम्मान और प्रोत्साहन मिलेगा. कार्यक्षेत्र में आज आपका दिन अनुकूल बीतेगा. शिक्षा के क्षेत्र मे आज कन्या राशि के जातक अच्छा प्रदर्शन करेंगे.

**तुला राशि:** तुला राशि के लोगों के लिए आज का पहला दिन सामाजिक कार्यों में आगे बढ़कर लाभ पाने वाला रहेगा. आपका दिन आज सुखद बीतेगा आर्थिक मामलों में आज आपको भाग्य का साथ मिलेगा. वैवाहिक जीवन के मामले मे भी आज का दिन आपके पक्ष में रहेगा. किसी करीबी दोस्त से भी आपको आज सहयोग मिलेगा.

**वृश्चिक राशि:** वृश्चिक राशि के लोगों के लिए आज का दिन मिलाजुला रहेगा. आपको आज घर और कार्यक्षेत्र की जिम्मेदारियों को पूरा करने के लिए अधिक परिश्रम करना होगा. आपको आज जीवनसाथी के साथ धर्म कर्म के काम में भाग लेने का मौका मिलेगा.

**धनु राशि :** धनु राशि के लोगो के लिए आज का दिन लाभदायक होगा. आपका मन आज धर्म कर्म के काम में लगेगा. शुभ ग्रह योग के कारण आपको बड़ी मात्रा में धन की प्राप्ति हो सकती है. आपके कई रुके हुए काम आज शुरू हो सकते है.

**मकर राशि:** मकर राशि के जातको के लिए आज का दिन व्यस्तता में बीतने वाला है. शाम का समय आपका आज धर्म कर्म के काम में बीतेगा. मन में प्रसन्नता के साथ साथ खुशी की अनुभूति होगी. व्यावसायिक क्षेत्र में आज आपको अपनी मेहनत और सूझबूझ का लाभ मिलेगा. आप आज अपने कार्यक्षेत्र का परिश्रम का पूर्ण प्रतिफल पाएंगे.

**कुंभ राशि:** कुंभ राशि के लोगों के लिए आज का दिन माता शैलपुत्री की कृपा से लाभदायक रहने वाला है. आज भाग्य में वृद्धि के संकेत मिल रहे हैं. धन, कर्म और यश में वृद्धि होगी. शत्रु चिंता का शमन होगा और मजबूत विरोधियों की उपस्थिति में भी आपको आज विजय प्राप्त होगी.

**मीन राशि:** मीन राशि के जातको के लिए आज का दिन सुख समृद्धि में वृद्धि करने वाला रहेगा. आपकी कोई मनोकामना आज पूरी होगी जिससे आपका मन आनंदित होगा. घर परिवार मे आज किसी मांगलिक कार्यों का आयोजन हो सकता है. धार्मिक कार्यों में रुचि बढ़ेगी और किसी धार्मिक यात्रा का संयोग बन सकता है.

### गणतंत्र और स्वतंत्रता दिवस पर दिए जाने वाले प्रशंसा-पत्रों की प्रक्रिया पर एक ज़रूरी सवाल

# कागज़ी सम्मान की चमक में खोता वास्तविक योगदान

**चर्चित मुद्दा**

**डॉ. सत्यवान सौरभ**



गणतंत्र दिवस और स्वतंत्रता दिवस केवल राष्ट्रीय पर्व नहीं हैं, बल्कि ये राष्ट्र के आत्ममंथन के अवसर भी होते हैं। इन दिनों प्रशासन द्वारा दिए जाने वाले प्रशंसा-पत्रों को समाज के लिए किए गए उत्कृष्ट कार्यों की सार्वजनिक स्वीकृति के रूप में प्रस्तुत किया जाता है। उद्देश्य यह होता है कि ऐसे लोगों को सामने लाया जाए जिन्होंने निस्वार्थ भाव से राष्ट्र, समाज और व्यवस्था को बेहतर बनाने में योगदान दिया है। किंतु बीते कुछ वर्षों में इन प्रशंसा-पत्रों की प्रक्रिया और चयन-पद्धति पर गंभीर प्रश्न खड़े हो गए हैं।

सबसे बुनियादी सवाल यही है कि क्या किसी प्रशंसा-पत्र के लिए आवेदन करना आवश्यक होना चाहिए? यदि हाँ, तो क्यों? सम्मान तो वह होता है जो स्वतः मिले, जिसे समाज और व्यवस्था स्वयं पहचानें। यदि किसी व्यक्ति को अपने कार्य के लिए स्वयं आवेदन करना पड़े या किसी माध्यम से अपना नाम अनुशंसित करवाना पड़े, तो ऐसे सम्मान की नैतिकता और प्रामाणिकता पर स्वाभाविक रूप से संदेह उत्पन्न होता है।

विडंबना यह है कि जब किसी क्षेत्र में अनियमितता, भ्रष्टाचार या अव्यवस्था की खबरें समाचार-पत्रों, टीवी चैनलों या सोशल मीडिया पर आती हैं, तो प्रशासन तत्काल सक्रिय हो जाता है। जांच बैठा दी जाती है, नोटिस जारी होते हैं और कार्रवाई की घोषणाएँ की जाती हैं। यानी नकारात्मक घटनाओं पर प्रशासन की दृष्टि अत्यंत सजग और तीक्ष्ण है। फिर सकारात्मक, रचनात्मक और जनहितकारी कार्यों को पहचानने में वही प्रशासन इतना असहाय क्यों दिखाई देता है? क्या अच्छे कार्यों को देखने और समझने की प्रशासनिक दृष्टि अब केवल फाइलों और औपचारिक रिपोर्टों तक सीमित होकर रह गई है?

वास्तविकता यह है कि आज प्रशंसा-पत्रों की व्यवस्था योग्यता की बजाय प्रक्रिया-आधारित होती जा रही है। आवेदन, अनुशंसा, विभागीय चैनल और व्यक्तिगत संपर्क–ये सभी सम्मान प्राप्त करने के अनौपचारिक मानदंड बन चुके हैं। परिणामस्वरूप वही लोग बार-बार सम्मानित होते दिखाई देते हैं जो व्यवस्था के भीतर अपनी उपस्थिति दर्ज कराना जानते हैं, न कि वे जिन्होंने वास्तव में समाज के लिए ज़मीन पर काम किया है। यह स्थिति सम्मान को प्रेरणा के साधन से अधिक एक औपचारिक रस्म में बदल देती है।

यह भी देखने में आता है कि कई बार प्रशंसा-पत्र सरकारी कर्मचारियों को उनके नियमित दायित्वों के निर्वहन के लिए दे दिए जाते हैं, जबकि उनका कार्य मूलतः उनकी नौकरी का हिस्सा होता है। इसके विपरीत, अनेक सामाजिक कार्यकर्ता, साहित्यकार, कलाकार, शिक्षक और स्वतंत्र रूप से काम करने वाले लोग–जो बिना किसी पद या संसाधन के समाज में बदलाव लाने का प्रयास कर रहे होते हैं–प्रशासन की दृष्टि से बाहर ही रह जाते हैं। क्या यह सम्मान की सही कसौटी है?

प्रशंसा-पत्रों के मूल्य पर भी विचार आवश्यक है। जिन व्यक्तियों को राज्यपाल, मुख्यमंत्री, प्रधानमंत्री या राष्ट्रपति द्वारा स्वतः संज्ञान लेकर पत्र लिखे जाते हैं, वे केवल औपचारिक सम्मान नहीं होते। ऐसे पत्र व्यक्ति के कृतित्व के ऐतिहासिक दस्तावेज बन जाते हैं। वे शोध-ग्रंथों में उद्धृत होते हैं, सामाजिक स्मृति का हिस्सा बनते हैं और आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा का स्रोत होते हैं। इसके विपरीत, आवेदन-आधारित प्रशंसा-पत्र अक्सर समारोह समाप्त होते ही अपनी प्रासंगिकता खो देते हैं।

सम्मान की सबसे बड़ी कसौटी प्रशासन नहीं, बल्कि समाज होता है। पाठक, दर्शक, श्रोता और आम लोग तय करते हैं कि कौन उनके विश्वास पर खरा उतरा और कौन नहीं। साहित्य और कला के क्षेत्र में यह बात और भी स्पष्ट हो जाती है। किसी रचनाकार का मूल्यांकन उसके प्रमाण-पत्रों से नहीं, बल्कि उसकी रचनाओं, विचारों और सामाजिक प्रभाव से होता है। यही कारण है कि कई बार बिना किसी औपचारिक सम्मान के भी कुछ लोग समाज में अमर हो जाते हैं, जबकि अनेक पदक और प्रमाण-पत्र पाने वाले लोग समय के साथ भुला दिए जाते हैं।

यहाँ पद और प्रतिष्ठा के अंतर को समझना भी आवश्यक है। पद से मिलने वाला सम्मान अस्थायी होता है। जब तक व्यक्ति पद पर होता है, तब तक उसके चारों ओर अभिनंदन और औपचारिक सम्मान की भीड़ रहती है। लेकिन जैसे ही पद समाप्त होता है या व्यक्ति सेवानिवृत्त होता है, वही भीड़ छँटने लगती है। इसके विपरीत, जो लोग अपने कार्य और कृतित्व के बल पर पहचान बनाते हैं, उनकी प्रतिष्ठा पद से परे होती है और समय के साथ और गहरी होती जाती है।

दुर्भाग्य से, कुछ अधिकारी पद के मद में यह भूल जाते हैं कि वे राष्ट्र और समाज से बड़े नहीं हैं। पद उन्हें अधिकार देता है, श्रेष्ठता नहीं। यदि किसी अधिकारी ने अपने सेवाकाल में राष्ट्र और समाज के लिए कुछ विशिष्ट नहीं किया, तो ऊँचे पद से सेवानिवृत्ति के बाद भी उसका जीवन सामान्य ही रह जाता है। इतिहास में अधिकारी नहीं, बल्कि विचार, कृतियाँ और योगदान दर्ज होते हैं।

यह भी सच है कि साहित्य और कला की समझ न रखने वाले कुछ अधिकारी सम्मान की प्रक्रिया में निर्णायक भूमिका निभाते हैं। ऐसे में चयन का आधार गुणवत्ता नहीं, बल्कि सुविधा और औपचारिकता बन जाता है। इससे न केवल वास्तविक योगदान करने वालों के साथ अन्याय होता है, बल्कि सम्मान की विश्वसनीयता भी प्रभावित होती है।

प्रश्न यह भी उठता है कि जब किसी व्यक्ति के कार्यों को मीडिया ने व्यापक रूप से कवर किया हो, समाज ने स्वीकार किया हो और उसका प्रभाव स्पष्ट रूप से दिखाई देता हो, तो फिर उसे प्रशासनिक प्रशंसा-पत्र के लिए आवेदन करने की आवश्यकता ही क्यों होनी चाहिए? क्या यह सम्मान की मूल भावना के विपरीत नहीं है?

वास्तव में, सम्मान माँगने की वस्तु नहीं है। वह समाज और व्यवस्था द्वारा स्वतः दिया गया प्रमाण होना चाहिए। यदि किसी को स्वयं आगे बढ़कर यह कहना पड़े कि उसने अच्छा काम किया है और इसलिए उसे सम्मानित किया जाए, तो यह सम्मान की आत्मा को कमजोर करता है।

आज आवश्यकता इस बात की है कि प्रशासन सम्मान की संस्कृति पर गंभीर पुनर्विचार करे। चयन-प्रक्रिया पारदर्शी हो, स्वतः संज्ञान की परंपरा विकसित हो और वास्तविक योगदान को प्राथमिकता दी जाए। सम्मान उन लोगों को मिले जो बिना किसी अपेक्षा के समाज के लिए कार्य कर रहे हैं, न कि उन्हें जो केवल प्रक्रिया को साधना जानते हैं।

राष्ट्रीय पर्वों पर दिए जाने वाले सम्मान तभी सार्थक होंगे जब वे गणतंत्र की मूल भावना–समानता, न्याय और कर्तव्य–को प्रतिबिंबित करें। अन्यथा ये केवल औपचारिक आयोजन बनकर रह जाएंगे, जिनका समाज पर कोई स्थायी प्रभाव नहीं होगा।

अंततः यह प्रश्न प्रशासन से अधिक समाज से भी जुड़ा है। हमें यह तय करना होगा कि हम किसे सम्मानित मानते हैं–उसे जिसके पास पद और प्रमाण-पत्र हैं, या उसे जिसने अपने कार्य से समाज की चेतना को समृद्ध किया है। जब तक यह निर्णय स्पष्ट नहीं होगा, तब तक प्रशंसा-पत्रों की राजनीति पर सवाल उठते रहेंगे।

गणतंत्र की मजबूती केवल संस्थानों से नहीं, बल्कि उन व्यक्तियों से आती है जो बिना किसी पुरस्कार की अपेक्षा के अपना कर्तव्य निभाते हैं। ऐसे लोगों को पहचानना और सम्मान देना ही किसी स्वस्थ लोकतंत्र की पहचान है। यदि प्रशासन इस दिशा में ईमानदार प्रयास करे, तभी प्रशंसा-पत्र वास्तव में प्रशंसा के पात्र बन पाएँगे।

# विद्यार्थियों का भविष्य सुनिश्चित करेगा डिजिटाइजेशन

**संजीव ठाकुर**

भारत में विभिन्न विभागो में डिजिटलाइजेशन शुभ संकेत की तरह दिखाई दे रहे हैं। विशेष तौर पर शिक्षा जगत तथा बालक बालिकाओं के की डिजिटलाइजेशन एक वरदान की तरह होगा। कंप्यूटर तथा इंटरनेट के युग में आने वाले बच्चों की पीढ़ी को इसमें पारंगत होना अत्यंत आवश्यक है । वैश्विक स्तर पर भी बच्चों को प्रतिस्पर्धा हेतु इस विधा में विशेषज्ञता प्राप्त करनी होगी, तब जाकर हम रोजगार मूलक हो पाएंगे। वर्तमान में पिछले दो वर्षों से सबसे ज्यादा कोविड-19 के संक्रमण ने जीवन मृत्यु के बाद जिस क्षेत्र का सबसे ज्यादा नुकसान किया है वो शिक्षा जगत के क्षेत्र का ही हैद्य दो वर्षों से स्कूल कॉलेज लगातार बंद चले आ रहे हैंद्य मूल शिक्षा खासकर बच्चों के लिए समय बेकार ना जाए इसीलिए ऑनलाइन शिक्षा का प्रावधान देश में किया गया हैद्य ऑनलाइन शिक्षा कंप्यूटर आधारित नेटवर्क से संलग्न होती हैद्य इसके अंतर्गत विद्यार्थी तथा शिक्षक वीडियो के माध्यम से एक दूसरे से जुड़े होते हैं तथा लगातार लाभान्वित भी होते हैंद्य इसमें शिक्षक आभासी तौर पर उपस्थित होते हैं एवं आभासी स्तर पर ही शिक्षा प्रदान की जाती हैद्य आज ऑनलाइन शिक्षा लाइव वीडियो क्लासेस, रिकॉर्डिंग वीडियो क्लासेस, लाइव ऑनलाइन शिक्षा, ऑनलाइन टेस्ट और घर पर पी,डी,एफआधारित ऑनलाइन शिक्षा प्रदान की जा रही हैद्य ऑनलाइन शिक्षा में अनेक लाभ के साथ हानियों का भी समावेश है। ऑनलाइन शिक्षा के माध्यम से कक्षाओं का शिक्षण अधिक रोचक कथा संवादात्मक बनाया जा रहा है, जिससे बच्चे इस पर अधिक से अधिक ध्यान दे रहे हैं। इसके अलावा ऑनलाइन शिक्षक कोई भी कहीं भी कभी भी प्राप्त कर सकते हैं उदाहरण के लिए यात्रा के दौरान या किसी कारणवश अवकाश लेने पर छूटे हुए विषयों से संबंधित जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। ऑनलाइन क्लासेज के प्रोत्साहन से विद्यार्थी नए-नए ज्ञान की प्राप्ति कर सकते हैं, साथ ही शिक्षकों पर सक्षम, अद्यतन न होने और शिक्षकों की कमी के जो आरोप लगते हैं उसे भी दूर किया जा सकता है। वैसे भी भारत जैसे विशाल देश में पर्याप्त स्कूल कॉलेज नहीं है ।ऑनलाइन शिक्षा के विकल्प से स्कूल कॉलेज कम होने का दबाव धीरे-धीरे कम होने लगेगा और स्कूल कॉलेज के दाखिले में अनिवार्यता भी धीरे-धीरे कम होने लगेगी। ऑनलाइन शिक्षा पर्यावरण की दृष्टि से लाभकारी है, करोना संक्रमण की दृष्टि से लाभकारी है, और आर्थिक रूप से भी आवागमन के खर्चे से बचत के रूप में देखा जा रहा है। ऑनलाइन विद्यार्थी स्वयं शिक्षा के स्तर को समझेंगे और यह भी समझेंगे कि उन्हें क्या पसंद है और किस क्षेत्र में उन्हें आगे जाकर शोध करना है या बड़ी डिग्री हासिल करना है। इससे ज्ञान की विविधता भी प्राप्त होती है। समय की बचत के साथ इसमें आर्थिक लाभ भी होता है। तीव्रता और गहनता की दृष्टि से ऑनलाइन शिक्षा काफी महत्वपूर्ण तथा प्रभाव कारी है। ऑनलाइन शिक्षा पाठ्यक्रम के लिए आवश्यक सूचनाएं एवं डाटा संग्रहण तीव्रता से होता है तथा सृजनशीलता की विविधता की दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण है।

## एक नजर

### खाद्य सुरक्षा के परिप्रेक्ष्य में शिविर सह कार्यशाला आयोजित

**कांकेर,28 जनवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** खाद्य सुरक्षा प्रशासन जिला कांकेर द्वारा जिले के खाद्य व्यापारियों हेतु प्रशिक्षण कार्यशाला सह लाइसेंस, पंजीयन शिविर का आयोजन किया गया। कार्यशाला में खाद्य व्यवसाय हेतु अनिवार्य अनुपालन के संबंध में खाद्य व्यापारियों को जानकारी प्रदाय की गई। इस दौरान उनके खाद्य लाइसेंस, पंजीयन में मोडिफिकेशन रिन्यूअल नए आवेदन हेतु हेल्प डेस्क के माध्यम से तुरंत निराकरण किया गया उन्हें खाद्य व्यवसाय हेतु विभिन्न अनिवार्य नियमों के पालन के संबंध में जानकारी भी प्रदाय की गई। इस दौरान खाद्य व्यापारियों को जानकारी दी गई कि खाद्य व्यापार बिना खाद्य लाइसेंस पंजीयन के ना किया जाए तथा अपने गोदाम व ट्रांसपोर्टिंग वाहनों का भी अनिवार्य खाद्य लाइसेंस या पंजीयन प्राप्त करें न्यूज़ पेपर का उपयोग खाद्य पदार्थों की पैकिंग में न किया जाए। सभी होलसेलर डिस्ट्रीब्यूटर किसी रिटेलर या अन्य खाद्य विक्रेता को जो कि खाद्य लाइसेंसधारी न हो उन्हें खाद्य लाइसेंस बनाने हेतु प्रेरित करने, खाद्य परिसर में अनिवार्यता एक्सपायरी जोन बनाने एवं प्रतिबंधित खाद्य सामग्री का विक्रय नहीं करने, फूड तथा नॉन फूड प्रोडक्ट को अलग-अलग स्टोर करने तथा खाद्य व्यापार बिल वाउचर के साथ ही किए जाने, बिना लेबल के पैक्ड फूड प्रोडक्ट विक्रय न करने, तेल का विक्रय केवल पैक्ड अवस्था में करने की जानकारी दी गई। इस अवसर पर खाद्य व्यापारी, जिला अभिहित अधिकारी, खाद्य सुरक्षा अधिकारी एवं स्टाफ उपस्थित रहे।

### पारंपरिक कला, विरासत व लोक संस्कृति को सहेजने वालों का किया गया सम्मान

**कांकेर 28 जनवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** गणतंत्र दिवस के 77वें उपलक्ष्य में जिला प्रशासन द्वारा आयोजित समारोह में विलुप्त होती संस्कृति के संरक्षण में कार्य एवं विभिन्न विधाओं के कलाकारों संरक्षकों एवं लोक कलाकारों को सम्मानित किया गया। जिले के समृद्ध आदिवासी एवं लोक संस्कृति को संरक्षित एवं प्रचारित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले कलाकारों को मुख्य अतिथि सांसद श्री भोजराज नाग, विधायक कांकेर श्री आशाराम नेताम, जिला कलेक्टर श्री निलेश कुमार महादेव क्षीरसागर, एसपी श्री निखिल राखेचा द्वारा प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। सम्मानित होने वाले लोगों में श्री संतूराम सलाम एवं टीम, जिनकी प्रस्तुतियां जिले की सांस्कृतिक पहचान का प्रतीक बनीं। श्री अर्जुन सिंह यादव, आयुर्वेदिक दवाई एवं हड्डी जोड़, श्री धनाजूराम नरेटी गोण्डी लिपि शोधकर्ता एवं गोंडी लिपिकीय कार्य के अच्छे जानकार शामिल रहे। इसी तरह श्री बीरसिंह उसेंडी, संस्कृति, लोक संस्कृति द्वारा कला को जीवित रखने में विशेष योगदान देने, श्री रविशंकर प्रधान, प्रसिद्ध वैद्यराज सर्पदंश, शुगर बीमारी हेतु, श्री राजमन मण्डावी, विलुप्त हो रही मृत्यु संस्कार गीत, श्री रोहित नाग गायक, मोहरी, हारमोनियम, तबला, हास्य कलाकार, रामायण के व्याख्याकार, श्री राजीव ध्रुवा लोकगीत एवं कला के जानकार, श्री तोषीकांत साहू, बांसुरी गायन एवं कला के जानकार, श्री चित्रसेन ठाकुर, मूर्तिकला के क्षेत्र में भारत के बड़े शहरो में सामूहिक कला द्वारा प्रदर्शनी, जिले के शासकीय भवनों में मूर्ति निर्माण, कु. दीपिका नुरेटी, गायन के क्षेत्र में राज्य स्तरीय में प्रदर्शन के लिए चयनित, श्री छायांश नेताम वुड बर्निंग आर्ट कला में विशेष पहचान एवं विशेष कार्य किया जा रहा है, श्री आशीष कुमेटी शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य, श्री डेलियन्श पद्दा चित्रकला, राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में शामिल, श्री प्रद्युमन कुमार ओटी शूकर पालन एवं समन्वित खेती अपनाकर अपनी आय में तीन गुना वृद्धि की है। इनकी सफलता से अन्य कृषक प्रेरित होकर समन्वित खेती अपना रहे है। इसके अलावा श्री पुरूषोत्तम मंडावी सेमियालता में लाख उत्पादन कर अन्य कृषकों को प्रोत्साहन के क्षेत्र में सम्मानित किया गया।

### सामान्य सभा की बैठक 4 फरवरी को

**कांकेर, 28 जनवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** जिला पंचायत की सामान्य सभा की बैठक 04 फरवरी को पूर्वान्ह 11 बजे से जिला पंचायत के सभाकक्ष में आयोजित की जाएगी। उक्त बैठक जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती किरण नरेटी की अध्यक्षता में आहूत की गई है। जिला पंचायत के सीईओ श्री हरेश मंडावी ने सभी संबंधित विभागीय अधिकारियों को एजेण्डावार अद्यतन जानकारी के साथ उपस्थित होने के लिए निर्देशित किया है।

# दंतेश्वरी मंदिर में गऊ माता की हुई पूजा, खिलाई गई खिचड़ी

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता





**दंतेवाड़ा 28 जनवरी।** माघ मास के पावन अवसर पर आदि शक्ति माई दंतेश्वरी मंदिर में गऊ माताओं की परंपरानुसार पूजा कर उन्हें खिचड़ी खिलाई गई। इस दौरान यादव जाति के लोगों के बीच कुश्ती स्पर्धा रस्म की अदायगी भी की गई जिसे देखने मंदिर परिसर में लोगों की भारी भीड़ उमड़ी थी।

गौरतलब है कि हर वर्ष माघ महिने के आखरी मंगलवार को माई दंतेश्वरी मंदिर में गऊ पूजन की परंपरा का निवर्हन किया जाता है। यह परंपरा रियासतकाल से चली आ रही है जिसे आज भी निभाया जा रहा है। मंगलवार को माघ मास के नवमीं तिथि पर यादव जाति के लोग परंपरानुसार मंदिर के निमंत्रण पर अपने अपने गौ माताओं को लेकर पहुंचे। गऊ माता एवं राउत जाति के लोगों का पारंपरिक मोहरी बाजा के साथ मंदिर के पुजारी, मांझी एवं सेवादारों ने मंदिर के प्रवेश द्वार पर स्वागत किया। जिसके बाद मुख्य पुजारी द्वारा मंदिर के गरूढ़ स्तंभ पर गौ माताओं को तिलक लगाकर उन्हें पुष्प की माला पहनाई गई, गले में सफेद रंग के साफा डाले गए। तत्पश्चात गायों के चरणों में अरसा, बड़ा एवं खिचड़ी का भोग लगाकर गायों को खिचड़ी खिलाई गई। बड़ी माई के मंदिर में गऊ माताओं की पूजा के बाद भुवनेश्वरी देवी के मंदिर में भी गायों को लेजाकर उनकी विधिवत पूजा कर उन्हें खिचड़ी खिलाई गई। गौ माताओं की पूजा पश्चात यादव परिवार से आए हुए सभी सेवकों को भी साफा पहनाकर, गले में पुष्पमाला डालकर उनका पारंपरिक तरीके से मंदिर की ओर से सम्मान किया गया। मंदिर के मुख्य पुजारी हरेंद्र नाथ जिया ने गऊ पूजा विधान के संबंध में जानकारी देते बताया कि माघ महिने में गायों की पूजा कर खिचड़ी खिलाई जाने की परंपरा बहुत ही पुरानी है। रियासतकाल के समय मंदिर में हजारों की संख्या में गायें बैल रहते थे। कारली, चितालंका, हीरानार, गीदम, कासोली में रहने वाले राउत लोग इन गायों को चराया करते थे। रियासतकाल के दौरान माघ पूर्णिमा पर गायों की पूजा की जाती थी और राउत जाति के लोगों को मंदिर में बुलाकर उनका सम्मान किया जाता था। गऊ पूजा के बाद मंदिर परिसर के अखाड़े में ही बगड़ित, भोहियार एवं बारंगी ये तीन समाज के लोग आपस में कुश्ती भी लड़ते हैं और लोगों का मनोरंजन करते थे जिसे देखने आसपास से भारी संख्या में लोग जूटते हैं। इस पुरानी परंपरा को जीवित रखने आज भी मंदिर में कुश्ती की रस्म अदायगी कर इस परंपरा का निवर्हन किया जा रहा है।

दंतेवाड़ा जिले में विशेष समुदाय के मतदाताओं का नाम हटाया जा रहा

# भाजपा के साथ मिल कर साजिश कर रहा है चुनाव आयोग:कांग्रेस

- बचेली व गीदम में 46 मतदाताओं के नाम हटाने प्रारूप-7 किया जमा
- जिला कांग्रेस अध्यक्ष की माँ सहित गीदम की निर्वाचित पार्षद का भी नाम हटाने हुआ आवेदन



**दंतेवाड़ा 28 जनवरी।** जिला कांग्रेस कमेटी ने मंगलवार को पत्रवार्ता कर चुनाव आयोग, राज्य निर्वाचन व जिला निर्वाचन पर बेहद गम्भीर आरोप लगाते हुए कहा कि दंतेवाड़ा जिले में निवासरत विशेष समुदाय वर्ग के मतदाताओं का नाम हटाया जा रहा है। जिलाध्यक्ष सलीम रज़ा उस्मानी ने कहा कि नाम हटाये जाने का मामला बचेली व गीदम में पुख्ता रूप से उजागर हुआ है। ये खेल बीजेपी के कहने पर ही चुनाव आयोग कर रहा है।बीजेपी के कार्यकर्ताओं को चुनाव आयोग प्रारूप-7में जिनको हटाना है उनके नाम बाकायदा टाइप करके दे रहा है और आवेदक का नाम जहां अंकित किया जाना है, उस स्थान को खाली छोड़ दिया जाता है,जिसे बीजेपी किसी का नाम भी लिखकर फार्म को निर्वाचन कार्यालय में दे दिया जाता है।

#### गीदम में 27 और बचेली में 19 नाम

नगरपालिका बचेली एवं नगरपंचायत गीदम में कई वर्षों से निवासरत विशेष समुदाय के मतदाताओं के नाम हटाने प्रारूप-7 में आवेदन कर आवेदकों यह जानकारी दी गई है कि ये मतदाता स्थायी रूप से यहां नही रहते हैं।

बचेली में बूथ क्रमांक 126 में 02, बूथ क्रमांक 133 में 02, बूथ क्रमांक 137 में 06, बूथ क्रमांक 140 में 06, बूथ क्रमांक 142 में 02, बूथ क्रमांक 143 में 01 और गीदम में बूथ क्रमांक 63 मे 27 नाम हटाने के लिए शामिल किया गया है। गौरतलब है कि दावा आपत्ति 22 जनवरी को समाप्त हुआ लेकिन 23 जनवरी की शाम को तहसील कार्यालय से बीएलओ को प्रारूप-7 देकर नाम हटाने की प्रक्रिया करने को कहा गया।

#### आवेदकों के नाम,मोबाइल नंबर व ईपिक नम्बर आपस मे मेल नही खाते

प्रारूप-7 में यदि आपत्ति दर्ज कराना है तो आवेदक को अपना नाम, मोबाइल नंबर और ईपिक नम्बर का उल्लेख किया जाता है, लेकिन इस मामले में आवेदकों द्वारा मोबाइल नंबर किसी अन्य व्यक्तियों दर्शाया गया है, मोबाइल पर कॉल किये जाने पर इंदौर, छिंदवाड़ा, रीवां, महू(मध्यप्रदेश), प्रयागराज(उत्तरप्रदेश), बिलाईगढ़, जगदलपुर, सुकमा के नि वासी रिसीव करते हैं और उनके नाम आवेदकों के नाम से अलग है और किसी भी तरह के आवेदन करने से इंकार करते हैं। साथ ही आवेदकों के ईपिक नम्बर सर्च करने पर नॉट फाउंड बता रहा है। बहुत से मोबाइल नंबर अस्थाई रूप से सेवा में भी नही है। इससे यह साबित होता है कि आवेदक पकड़ा ना जाये और उस पर कार्यवाही भी ना हो सके। बचेली निवासी कांग्रेस जिलाध्यक्ष की माँ,गीदम नगरपंचायत की पार्षद और पीसीसी सँयुक्त महामंत्री का नाम हटाने किया गया है आवेदन जिला कांग्रेस अध्यक्ष सलीम रज़ा उस्मानी की माता आशिया बेगम उस्मानी, नगर पंचायत गीदम के वार्ड क्रमांक 10 की वर्तमान पार्षद हीना रिजवी एवं प्रदेश कांग्रेस के सँयुक्त महामंत्री शकील रिजवी का नाम हटाने का आवेदन में आवेदक ने यह उल्लेख किया है कि ये लोग यहां से स्थायी रूप से नही रहते हैं। साथ ही बचेली एन एम डी सी में कार्यरत दो कर्मचारियों के बचेली नही रहते हैं इनका नाम हटाया जाय। प्रेस कांफ्रेंस में प्रदेश कांग्रेस के संयुक्त महामंत्री शकील रिजवी, महामंत्री मनीष भट्टाचार्य, जिला पंचायत सदस्य सुलोचना कर्मा, ब्लॉक अध्यक्ष सुमित्रा शोरी, ब्लॉक अध्यक्ष राजेंद्र कुमार ,पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष द्वय संतोष दुबे व विवेक देवांगन उपस्थित रहे।

### डॉ अंबेडकर प्रतिमा परिसर में गणतंत्र दिवस पर फहराया गया तिरंगा



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**कोण्डागांव, 28 जनवरी।** 26 जनवरी 2026 को गणतंत्र दिवस के अवसर पर जिला मुख्यालय में स्थापित भारतरत्न डॉ भीमराव अंबेडकर का विशाल प्रतिमा स्थल जिला सत्र न्यायालय के सामने कोंडागांव में सर्व समाज द्वारा आयोजित गणतंत्र दिवस 26 जनवरी 2026 के अवसर पर मुख्य अतिथि धंसराज टंडन अध्यक्ष सर्व समाज के द्वारा ध्वजारोहण किया गया तत्पश्चात उपस्थित सर्व समाज के समस्त समाज प्रमुखों के द्वारा 26 जनवरी गणतंत्र दिवस के अवसर पर बधाई देते हुए बारी-बारी से अपना उद्बोधन में कहा भारत रत्न बाबा साहब डॉं भीमराव अंबेडकर के द्वारा लिखित भारतीय संविधान 26 जनवरी 1950 को लागू हुआ इस पावन दिन को गणतंत्र दिवस के रूप भारत देश भर में हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है और संविधान के बदौलत से ही आज हम सब को संवैधानिक अधिकार मिला और संविधान से ही देश चल रहा है और इस अवसर पर सर्व समाज के संरक्षक एमडी बघेल, एवं समस्त समाज प्रमुख सीएल मेश्राम, , वीरेंद्र बघेल, सानू मारकंडे, तरुण नाग,पी एल ठावरे ,चौहान जी, उमेश मेश्राम, विशाल बंजारे, श्रीमती साधना लोन्हारे श्रीमती सुषमा खोबरागड़े पार्षद ,साधुराम पाटिल, नरेंद्र रामटेक, मन्नू सोनपिपरे, श्याम सुंदर मेश्राम, राकेश वासनिकर, आदि समाज प्रमुख उपस्थित हुए उक्त जानकारी धंसारा टंडन अध्यक्ष सर्व समाज ने दी।

### जगदलपुर रेलवे यार्ड में मालगाड़ी पटरी से उतरी: कोई हताहत नहीं, ट्रेन आवागमन सामान्य



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**जगदलपुर, 28 जनवरी।** ईस्ट कोस्ट रेलवे के अंतर्गत जगदलपुर रेलवे स्टेशन यार्ड में रात करीब 9:13 बजे एक मालगाड़ी के अंतिम डिब्बे पटरी से उतर गए। यह घटना विद्युती इंजन से संचालित मालगाड़ी के यार्ड में खड़ा करने के दौरान हुई, जब ट्रेन को रूट नंबर 7 पर रोका जा रहा था। रेलवे सूत्रों के अनुसार, मालगाड़ी का अंतिम डिब्बा सहित आठ पहिए पटरी से उतर गए। उल्लेखनीय है कि इस डिब्बे में कोई माल नहीं था और ट्रेन खाली डिब्बे के साथ चल रही थी। घटना के कारण किसी भी यात्री ट्रेन की आवाजाही प्रभावित नहीं हुई और मुख्य रेल मार्ग पर कोई व्यवधान नहीं आया।

रेलवे के अधिकारी और कर्मचारी तुरंत मौके पर पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया। राहत एवं बहाली कार्य तेजी से शुरू किया गया, जिससे यार्ड में सामान्य संचालन जल्द बहाल हो सके। ईस्ट कोस्ट रेलवे ने इस घटना की जांच शुरू कर दी है ताकि कारणों का पता लगाया जा सके और भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोका जा सके।

जानकार ने बताया कि यह एक मामूली घटना थी, जिसमें कोई चोट या हताहत नहीं हुआ। यार्ड के भीतर होने के कारण मुख्य लाइन पर कोई प्रभाव नहीं पड़ा। यात्रियों को किसी भी प्रकार की असुविधा नहीं हुई। ईस्ट कोस्ट रेलवे लगातार सुरक्षा मानकों को मजबूत करने और रखरखाव कार्यों पर ध्यान दे रही है, ताकि ऐसी छोटी-मोटी घटनाएं भी न्यूनतम रहें।

# चांदनी चौक में चाय पीते युवक से सोने के आभूषण छीने,जान से मारने की धमकी दी

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता


पीड़ित भारत नाग


आरोपी राज दूर्गा

**जगदलपुर 28 जनवरी।** शहर में अपराधियों की गुंडागर्दी और लूटमार की घटनाएं एक बार फिर सुर्खियां बटोर रही हैं। कोतवाली थाना क्षेत्र के चांदनी चौक इलाके में एक युवक के साथ मारपीट कर उसके सोने के चैन और अंगूठियां छीन ली गईं। पीड़ित ने आरोप लगाया है कि यह वारदात राज दुर्गा और उसके साथियों ने अंजाम दी। पीड़ित आदिवासी युवक भारत सिंह नाग ने बताया कि वह चांदनी चौक में कुल्हड़ चाय पीने गए थे। तभी राज दुर्गा अपने चार-पांच साथियों के साथ टाटा हैरियर कार में पहुंचा और अचानक उन पर हमला बोल दिया। मारपीट के दौरान राज ने उनके गले में पहना सोने का चैन और दो अंगूठियां छीन लीं। धमकी देते हुए थाने जाने से मना किया। घटना के बाद राज का बड़ा भाई नाथु दुर्गा स्कूटी पर पहुंचा और पीड़ित को जान से मारने की धमकी दी। भारत सिंह किसी तरह परिचितों की मदद से वहां से बचकर निकल सके। घर पहुंचने के बाद राज दुर्गा और नाथु दुर्गा ने फोन कर फिर से धमकी दी कि थाने में रिपोर्ट क्यों लिखाई। पीड़ित का आरोप है कि राज दुर्गा और नाथु दुर्गा के खिलाफ पहले से कई आपराधिक मामले दर्ज हैं। इससे पहले राज दुर्गा ने अपने भाई के इशारे पर नया बस स्टैंड पर एक युवक पर रिवॉल्वर से हमला करवाया था, जिसमें वह बाल-बाल बच गया था। ये लोग शहर में जमीनों पर गुंडागर्दी कर कब्जा करके बेचने, हथियारों की तस्करी और नशीली दवाओं के अवैध कारोबार में भी संलिप्त बताए जाते हैं।

भारत सिंह नाग ने बताया कि इस घटना के बाद वे मानसिक रूप से प्रताड़ित और डरे हुए महसूस कर रहे हैं। उन्होंने चेतावनी दी है कि यदि उन्हें कुछ भी होता है तो इसकी जिम्मेदारी राज दुर्गा और उसके बड़े भाई नाथु दुर्गा पर होगी। पुलिस ने अभी तक इस मामले में कोई आधिकारिक बयान जारी नहीं किया है, लेकिन स्थानीय लोगों में आक्रोश है और शहर में कानून-व्यवस्था को लेकर सवाल उठ रहे हैं।

### बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ की थीम पर कोदागांव में विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**कांकेर, 28 जनवरी।** कलेक्टर श्री निलेश कुमार महादेव क्षीरसागर के निर्देशानुसार महिला सशक्तिकरण केंद्र हब, महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना के अंतर्गत राष्ट्रीय बालिका दिवस पर शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कोदागांव में विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें जिले की मेधावी बालिकाओं को कक्षा 12वीं एवं 10वीं में क्रमशः प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने पर सम्मानित किया गया। जिला कार्यक्रम अधिकारी श्री विपिन जैन ने बताया कि बेटियों को शैक्षणिक उत्कृष्टता को प्रोत्साहित करने के लिए कार्यक्रम में मेधावी बिटिया सम्मान समारोह का आयोजन कर गत वर्ष जिले में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली छात्राओं को प्रोत्साहन स्वरूप मोमेंटो के साथ कक्षा 12वीं में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने पर क्रमशः 07 हजार, 05 हजार और 03 हजार रूपए एवं कक्षा 10वीं में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने पर क्रमशः 05 हजार, 03 हजार तथ 02 हजार रूपए राशि बालिकाओं के खातों में हस्तांतरित की जा रही है। साथ ही शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कोदागांव के कक्षा 9वीं से 12वीं तक के बालिकाओं को विद्यालय में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने पर शैक्षिक महत्व को बढ़ावा देने के उद्देश्य से उपस्थित अतिथियों के माध्यम से पुरस्कृत किया गया। इस दौरान स्वास्थ्य विभाग के टीम द्वारा स्वास्थ्य परीक्षण व बालिकाओं के शिक्षा, स्वास्थ्य एवं पोषण पर चर्चा कर एनीमिया के लक्षण, कारण, रोकथाम एवं आयरन युक्त खाद्य पदार्थ पर महत्वपूर्ण जानकारी दी गई। कार्यक्रम में मिशन शक्ति केंद्र के जिला समन्वयक के द्वारा महिला एवं बाल विकास विभाग की विभिन्न योजनाओं जैसे- महिला हेल्पलाइन 181, सखी वन स्टॉप सेंटर, चाईल्ड हेल्प लाइन 1098, नोनी सुरक्षा योजना, लक्ष्य निर्धारित कर पढ़ाई पर ध्यान केन्द्रित करना, पॉक्सो, बाल श्रम आदि की जानकारी दी गई।

### कमिश्नर और आईजी सुंदरराज पी ने संभाग स्तरीय बस्तर पंडुम आयोजन की तैयारियों का लिया जायजा

**जगदलपुर 28 जनवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** कमिश्नर बस्तर श्री डोमन सिंह और पुलिस महानिरीक्षक बस्तर रेंज श्री सुंदरराज पी ने मंगलवार को जगदलपुर लालबाग मैदान में संभाग स्तरीय बस्तर पंडुम आयोजन की तैयारियों का जायजा लिया और सभी आवश्यक तैयारी एवं व्यवस्थाओं को समय पूर्व सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इस दौरान कलेक्टर श्री आकाश छिकारा, पुलिस अधीक्षक श्री शलभ सिन्हा, सीईओ जिला पंचायत श्री प्रतीक जैन, अपर कलेक्टर श्री सीपी बघेल एवं श्री ऋषिकेश तिवारी, नगर निगम आयुक्त श्री प्रवीण वर्मा सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे। ज्ञात हो कि आगामी दिनों में संभाग स्तरीय बस्तर पंडुम 2026 का भव्य आयोजन लालबाग मैदान जगदलपुर में प्रस्तावित है। वही प्रदेश के मुख्य सचिव श्री विकासशील ने मंगलवार को वीडियो कांफ्रेंसिंग के द्वारा आगामी दिनों जगदलपुर लालबाग मैदान में आयोजित होने वाले संभाग स्तरीय बस्तर पंडुम आयोजन की तैयारियों की विस्तृत समीक्षा की और सभी आवश्यक तैयारी एवं व्यवस्थाओं को समय पूर्व सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इस मौके पर सचिव संस्कृति एवं पर्यटन डॉ. रोहित यादव सहित राज्य शासन के वरिष्ठ उच्चाधिकारी मौजूद रहे। इस दौरान कलेक्टोरेट के एनआईसी कक्ष में कमिश्नर बस्तर श्री डोमन सिंह, पुलिस महानिरीक्षक बस्तर रेंज श्री सुंदरराज पी, कलेक्टर श्री आकाश छिकारा एवं पुलिस अधीक्षक श्री शलभ सिन्हा ने संभाग स्तरीय बस्तर पंडुम आयोजन की तैयारियों के बारे में विस्तारपूर्वक अवगत कराया। बैठक में सीईओ जिला पंचायत श्री प्रतीक जैन, अपर कलेक्टर श्री सीपी बघेल एवं श्री ऋषिकेश तिवारी, नगर निगम आयुक्त श्री प्रवीण वर्मा सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

केपी शर्मा स्मृति में हर साल होने वाली साइकलि रेस प्रतियोगिता में

# बालक लव्यांश 40 किमी साइकिल चलाकर आए 7 वें स्थान पर



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**दंतेवाड़ा 28 जनवरी।** कहते हैं कि अगर मन में कुछ कर गुजरने की तमन्ना हो, हौसला मजबूत हो तो मंजिल की डगर कितनो ही कठिन क्यों ना हो उसे हासिल किया जा सकता है। कुछ ऐसा ही कमाल और धमाल कर दिखाया है नगर के एक 7 साल के नन्हे से बालक लब्यांश नाग ने । जी जां यह बिलकुल सच है। दंतेवाड़ा में प्रतिवर्ष होने वाले केपी शर्मा जी की स्मृति में आयोजित होने वाली सायकल रेस प्रतियोगिता में लव्यांश ने अपने से कई गुने बड़े धुरंधर प्रतिभागियों को पछाड़कर 7 वां स्थान हासिल कर हर किसी को दांतो तले उंगली दबाने पर मजबूर कर दिया है। इस उपलब्धि पर लव्यांश की हर तरफ वाहवाही और खूब चर्चा भी हो रही है।

नन्हे सायकल रेस विजेता लव्यांश नाग के विषय में बता दें कि लव्यांश नाग पिता सुनील नाग दंतेवाड़ा के महात्मा गांधी वार्ड नंबर 2 कतियाररास का निवासी है। इनके पिता ट्रांसपोर्ट का काम करते हैं वहीं लव्यांश की मम्मी पुलिस विभाग में पदस्थ हैं। लव्यांश की उम्र अभी मात्र 7 साल है और वह दंतेवाड़ा के स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल में कक्षा 2 में अध्ययनरत है। लव्यांश के पिता सुनील ने बताया कि लव्यांश को छोटे से ही सायकिल चलाने का शौक जागा था जिसके बाद उसे सायकल खरीदकर दिया गया था। 4 साल की उम्र से ही वह सायकल चलाने लगा था। स्कूल से आने के बाद वह अक्सर एक दो घंटे सायकल चलाया करता था। बीते साल भी वह 16 किमी के एक सायकल रेस में भाग लिया था और उसने इस टास्क को पूरा भी किया था। यहीं से हमें पता लगा था कि लव्यांश को सायकिलिग में रूचि है। इसी बीच 26 जनवरी को दंतेवाड़ा में सायकल रेस का आयोजन होने की जानकारी जब लव्यांश को लगी तो उसने प्रतियोगिता में भाग लेने की जिद करने लगा और कहा कि मेरी पुरानी सायकिल को सुधार करवा दो मुझे रेस में हिस्सा लेना है। पिता सुनील ने उसे बहुत समझाया और मना किया कि बेटा यह रेस काफी लंबी दूरी की होती है और इसमें बड़े बड़े लोग जो महिनों से प्रेक्टिस करते हैं उन लोग भाग लेते हैं इसमें बच्चे भाग नहीं ले सकते। मगर लव्यांश ने अपने पिता की एक न सुनी और वह जिद पर अड़ गया और कहा कि मुझे तो आप मेरी सायकल रिपेयर करवाकर दे दो बस। मैं हर हाल में रेस में भाग लूंगा। बेटे की जिद के आगे पिता हार मान गए और बेटे का मन रखने के लिए आयोतजनकर्ताओं से बातचीत कर उसका नाम सायकल रेस की सूची में दर्ज करवा दिए। लव्यांश के पिता को लगा कि कुछ दूर चलाकर जब वह थक जाएगा तो अपने आप ही वह वापस लौट आएगा। उन्होने बस बेटे का दिल न टूटे इसलिए उसे रेस में शामिल होने की इजाजत दे दी थी। उन्हें इस बात का जरा भी आभास नहीं था कि उनका बेटा सच में कुछ कमाल कर देगा। मगर कहते हैं ना कि अगर जज्बा हो, कुछ कर गुजरने की हसरत अगर दिल में हो तो बड़ा से बड़ी से बड़ी कठिनाईयों को भी पार पाया जा सकता है। दंतेवाड़ा से 20 किमी भांसी तक जाना और 20 किमी फिर से वापस आना कुल 40 किमी की रेस में करीब 17 लोगों ने भाग लिया था। रेस में नन्हे लव्यांश जाते समय भले ही पीछे रह गया था लेकिन डेढ़ घंटे बाद जब प्रतिभागी वापस लौट रहे थे तो नन्हे लव्यांश को 5वें 6वें नंबर पर देख सभी के होश फाख्ता हो गए। पुरी ताकत लगाते हुए लव्यांश ने अंततः जीत की पटटी को 7वां स्थान पर आकर फाईनली टच कर ही लिया और इस तरह लव्यांश ने सायकल रेस प्रतियोगिता में बड़े बड़ों को पछाड़कर 7वां स्थान हासिल किया ये कोई सामान्य घटना नहीं थी। लव्यांश की जीत की खबर पूरे नगर में आग की तरह फैल गई और उसे देखने, गोद में उठाने, उसके साथ सेल्फी लेने हर कोई उसकी ओर उमड़ पड़ा।

समस्त प्रदेशवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं

**ग्राम पंचायत-भैराडीह (जिला उत्तर बस्तर कांकेर)**

करुणा नेताम – सरपंच
इंदू कांगे – रोजगार सहायक
कनेसिंह दर्रो – सचिव

विनीत- समस्त पंचगण एवं ग्रामवासी
भैराडीह-जिला-उत्तर बस्तर-कांकेर

समस्त प्रदेशवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं

**ग्राम पंचायत-आलबेड़ा (जिला उत्तर बस्तर कांकेर)**

मिलन कुमार सलाम – सरपंच
रविकुमार कुंजाम – रोजगार सहायक
नवलू राम पटेल – सचिव

विनीत- समस्त पंचगण एवं ग्रामवासी
आलबेड़ा-जिला-उत्तर बस्तर-कांकेर




समस्त प्रदेशवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं

**ग्राम पंचायत-गोतपुर (जिला उत्तर बस्तर कांकेर)**

प्रमिला बाई शोरी – सरपंच
रोहित नेताम – रोजगार सहायक
चिंताराम यादव – सचिव

विनीत- समस्त पंचगण एवं ग्रामवासी
गोतपुर-जिला-उत्तर बस्तर-कांकेर

समस्त प्रदेशवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं

**ग्राम पंचायत-मोदे (जिला उत्तर बस्तर कांकेर)**

चंद्रिका कांगे – सरपंच
आलमचन्द्र परमार – सचिव

विनीत- समस्त पंचगण एवं ग्रामवासी
मोदे-जिला-उत्तर बस्तर-कांकेर

समस्त प्रदेशवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं

**ग्राम पंचायत-केवटीन टोला (जिला उत्तर बस्तर कांकेर)**

सरिता भुआर्य – सरपंच
योगिता गोटा – रोजगार सहायक
मलसूराम ठाकुर – सचिव

विनीत- समस्त पंचगण एवं ग्रामवासी
केवटीन टोला-जिला-उत्तर बस्तर-कांकेर

समस्त प्रदेशवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं

**ग्राम पंचायत-धौराभाटा, विकासखंड नरहरपुर (जिला उत्तर बस्तर कांकेर)**


पियरबत्ती नेताम – सरपंच


कमलेश जुर्री – सचिव

विनीत-समस्त ग्रामवासी ग्राम पंचायत-धौराभाटा

समस्त प्रदेशवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं

**ग्राम पंचायत-भिरौद, विकासखंड नरहरपुर (जिला उत्तर बस्तर कांकेर)**

लताबाई नेताम – सरपंच
मन्नूराम नेताम – सचिव

विनीत- समस्त पंचगण एवं ग्रामवासी
भिरौद-जिला-उत्तर बस्तर-कांकेर

समस्त प्रदेशवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं

**ग्राम पंचायत डुमरपानी-विकासखंड नरहरपुर (जिला उत्तर बस्तर कांकेर)**


कंशराम नेताम – सरपंच

मीना सिन्हा – सचिव
तुलसीराम मण्डावी – रोजगार सहायक


गणेश कोडोपी – उपसरपंच

विनीत- समस्त पंचगण एवं ग्रामवासी
डुमरपानी-जिला-उत्तर बस्तर-कांकेर

समस्त प्रदेशवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं

**ग्राम पंचायत उमरदाह-विकासखंड नरहरपुर (जिला उत्तर बस्तर कांकेर)**

प्रशांत कुमार भास्कर – सरपंच
सदाराम मंडावी – उप-सरपंच
गणेशराम नेताम – सचिव

पंचगण- अवधराम पटेल, दिपेश कुमार, विपतराम मंडावी, श्रीमती दुर्गा भास्कर, श्रीमती शीला सलाम, श्रीमती कुसुमलता ध्रुवें, श्रीमती रमिला जुर्री, श्रीमती सीमा जैन, श्रीमती बहुरा मंडावी, स्रीमती कुमारी नाग, श्रीमती कविता नाग, कु.सत्यवती मरकाम

## एक नजर

### केन्द्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री ने मां बम्लेश्वरी मंदिर पहुंचकर पूजा-अर्चना की

**राजनांदगांव 28 जनवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** केन्द्रीय कृषि एवं कृषक कल्याण, ग्रामीण विकास मंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने डोंगरगढ़ प्रवास के दौरान मां बम्लेश्वरी मंदिर पहुंचकर पूजा-अर्चना की। केन्द्रीय मंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने मां बम्लेश्वरी से देश एवं प्रदेशवासियों की सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की। इस अवसर पर स्कूल शिक्षा मंत्री श्री गजेन्द्र यादव और सांसद श्री संतोष पाण्डेय ने भी पूजा-अर्चना की। इस दौरान पूर्व विधायक श्री रामजी भारती, समाजसेवी श्री कोमल सिंह राजपूत, श्री भावेश बैद, मां बम्लेश्वरी ट्रस्ट समिति के अध्यक्ष श्री मनोज अग्रवाल, कलेक्टर श्री जितेन्द्र यादव, पुलिस अधीक्षक श्रीमती अंकिता शर्मा, सीईओ जिला पंचायत सुश्री सुरूचि सिंह सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि और मां बम्लेश्वरी ट्रस्ट समिति के पदाधिकारी उपस्थित थे।

### किसान हितैषी सरकार ने किसानों से निभाया अपना वादा

**राजनांदगांव 28 जनवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** किसान हितैषी सरकार किसानों की धान खरीदी के लिए प्रतिबद्ध है। जहां सरकार अपना वादा पूरा कर रही है, वहीं किसानों ने भी अपना भरोसा जताया है। धान खरीदी को लेकर किसानों में हर्ष व्याप्त है। शासन द्वारा खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 अंतर्गत धान खरीदी महाभियान के तहत समर्थन मूल्य एवं कृषक उन्नति योजना के तहत किसानों से 3100 रूपए प्रति क्विंटल की दर और प्रति एकड़ 21 क्विंटल तक के मान से धान खरीदी की जा रही है। राज्य में खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 में अब तक 23.48 लाख किसानों ने धान बिक्री की है एवं 29597 करोड़ रूपए का भुगतान किसानों को किया गया है। किसानों के खाते में 48 घंटे के भीतर न्यूनतम समर्थन मूल्य पर बेचे गए धान का भुगतान हो रहा है। आगामी 3 दिवस में 1.5 लाख किसानों से धान खरीदी की जाएगी। किसानों को धान बिक्री के लिए 70000 से भी अधिक टोकन जारी किए जाएगे। इस तरह प्रतिदिन 22000 टोकन जारी किया जाएगा। राज्य में प्रतिदिन 3 लाख मीट्रिक टन की धान खरीदी की जा रही है।

### तीन सांस्कृतिक भवनों के लिए 75.45 लाख रुपए स्वीकृत

**रायपुर, 28 जनवरी।** नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग ने गरियाबंद जिले के राजिम नगर पंचायत में तीन सांस्कृतिक भवनों के निर्माण के लिए 75 लाख 45 हजार रुपए स्वीकृत किए हैं। उप मुख्यमंत्री तथा नगरीय प्रशासन मंत्री श्री अरुण साव के अनुमोदन के बाद विभाग ने संचालनालय से इनकी मंजूरी के आदेश जारी कर दिए हैं। चालू वित्तीय वर्ष 2025-26 में प्रावधानित अधोसंरचना मद से ये कार्य स्वीकृत किए गए हैं। नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग ने राजिम नगर पंचायत में मेला मैदान के पास कंडरा पारा में सांस्कृतिक भवन के निर्माण के लिए 25 लाख 15 हजार रुपए, वार्ड क्रमांक-15, साहू पारा में सांस्कृतिक भवन के निर्माण के लिए 25 लाख 15 हजार रुपए तथा स्टेडियम के पास, सेन समाज पारा, कंडरा पारा राजिम में सांस्कृतिक भवन के निर्माण के लिए 25 लाख 15 हजार रुपए मंजूर किए हैं। उप मुख्यमंत्री श्री अरुण साव ने तीनों सांस्कृतिक भवनों का निर्माण पूर्ण गुणवत्ता के साथ समय-सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए हैं।

### प्रधानमंत्री श्रम योगी मानधन योजना : असंगठित श्रमिकों के बुढ़ापे में संबल

**रायपुर, 28 जनवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** केन्द्र शासन द्वारा असंगठित श्रमिकों को बुढ़ापे में संबल देने प्रधानमंत्री श्रम योगी मानधन योजना का संचालन किया जा रहा है। योजना का उद्देश्य रेहड़ी-पटरी लगाने वाले, रिक्शा चालक, निर्माण श्रमिक, खेतिहर मजदूर सहित असंगठित क्षेत्र में कार्यरत श्रमिकों को सामाजिक सुरक्षा उपलब्ध कराना है। इस योजना के तहत असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों के भविष्य को सुरक्षित करते हुए 60 वर्ष की आयु पूर्ण करने के बाद प्रति माह 03 हजार रूपए की सुनिश्चित पेंशन प्रदान की जाती है। यह एक स्वैच्छिक एवं अंशदायी पेंशन योजना है, जिसमें श्रमिक द्वारा किए गए अंशदान के बराबर राशि केंद्र सरकार द्वारा भी जमा की जाती है। श्रम पदाधिकारी मुंगेली अभिषेक सिंह ने बताया कि योजना का लाभ 18 से 40 वर्ष आयु वर्ग के वे श्रमिक उठा सकते हैं, जिनकी मासिक आय 15 हजार रूपए या उससे कम हो। लाभार्थी का ईपीएफओ, ईएसआईसी या एनपीएस का सदस्य नहीं होना चाहिए और वह आयकर दाता भी न हो।

# पीएम आवास योजना से पक्के घर का सपना हुआ साकार

■ पक्का मकान, बिजली, गैस, इलाज और राशन की सुविधा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**रायपुर, 28 जनवरी।** कबीरधाम जिले के जनपद पंचायत कवर्धा अंतर्गत ग्राम पंचायत गूढ़ा की 55 वर्षीय श्रीमती सुशील साहू के जीवन में शासन की योजनाओं ने बड़ा बदलाव लाया है। कभी कच्चे घर और कठिन परिस्थितियों में जीवन बिताने वाली श्रीमती सुशील साहू आज पक्के मकान, बिजली, गैस, शौचालय, इलाज और राशन जैसी मूलभूत सुविधाओं के साथ सम्मानपूर्वक जीवन जी रही हैं। उनके लिए प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) सिर्फ एक योजना नहीं, बल्कि सुरक्षित और स्थिर भविष्य की नींव साबित हुई है। आर्थिक तंगी के कारण सुशील साहू का पक्का घर बनाने का सपना सालों तक अधूरा रहा। वर्ष 2024-25 में ग्राम सभा में उनका नाम प्रधानमंत्री आवास योजना के लिए चुना गया। यह खबर मिलते ही वे बहुत खुश हुईं।

जिला प्रशासन ने जल्द ही आवास स्वीकृत किया। मकान बनने की प्रगति के अनुसार राशि सीधे उनके बैंक खाते में भेजी गई। इसके साथ ही उन्हें महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना के तहत 90 दिन का रोजगार भी मिला, जिससे लगभग 23 हजार रुपये मजदूरी के रूप में प्राप्त हुए। इससे घर बनाने में काफी मदद मिली। पक्का मकान बनने के बाद स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के तहत शौचालय भी बनाया गया। अब उन्हें खुले में शौच के लिए नहीं जाना पड़ता।

विभिन्न सरकारी योजनाओं से सुशील साहू के जीवन में लगातार सुविधाएं जुड़ती चली गईं। अलग-अलग सरकारी योजनाओं से उनके जीवन में और भी सुधार हुआ। पंडित दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण ज्योति योजना के तहत घर में बिजली कनेक्शन मिला। प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना से गैस सिलेंडर और चूल्हा मिला, जिससे धुएं से राहत मिली। आयुष्मान कार्ड बनने से अब इलाज की चिंता खत्म हो गई है। राशन कार्ड मिलने से सस्ते दामों पर चावल और अन्य जरूरी सामान मिलने लगा है।

सरकारी योजनाओं से मिले लाभों को लेकर सुशील साहू भावुक होकर कहती हैं कि मैंने कभी नहीं सोचा था कि मेरी जिंदगी इतनी बदल जाएगी। सरकार की योजनाओं से आज मेरे पास पक्का घर है, बिजली है, गैस है, शौचालय है और इलाज व राशन की सुविधा भी है। अब मैं समाज में सम्मान के साथ जीवन जी रही हूं। सुशील साहू की यह कहानी सरकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन और योजनाओं के आपसी समन्वय का जीवंत उदाहरण है, जिससे जरूरतमंद परिवारों के जीवन में वास्तविक और सकारात्मक बदलाव आ रहा है।

### डीके कॉलेज बलौदाबाजार में राज्य स्तरीय एनएसएस शिविर का हुआ समापन

# युवाओं की ऊर्जा ही राष्ट्र की असली ताकत: उच्च शिक्षा मंत्री टंकराम वर्मा

**रायपुर, 28 जनवरी।** दाऊ कल्याण शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, बलौदाबाजार में आयोजित 7 दिवसीय राज्य स्तरीय राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) शिविर का मंगलवार को गरिमामय समापन हुआ। समापन समारोह के मुख्य अतिथि उच्च शिक्षा मंत्री श्री टंकराम वर्मा रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती के छायाचित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन के साथ किया गया। राज्य स्तरीय इस शिविर में प्रदेश के 9 विश्वविद्यालयों एवं उनसे सम्बद्ध महाविद्यालयों के कुल 270 स्वयंसेवकों ने सहभागिता की। सात दिनों तक चले शिविर के दौरान विभिन्न शैक्षणिक, सामाजिक एवं व्यक्तित्व विकास से जुड़ी गतिविधियाँ आयोजित की गईं। इस अवसर पर विभिन्न प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

मंत्री श्री वर्मा ने कहा कि युवाओं में अपार ऊर्जा होती है और यदि इस ऊर्जा को सही दिशा में लगाया जाए तो राष्ट्र को नई ऊँचाइयों तक पहुँचाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि एनएसएस जैसे शिविर युवाओं को अनुशासन, संयम और सामाजिक जिम्मेदारी का बोध कराते हैं, जो जीवन में अत्यंत उपयोगी सिद्ध होते हैं।

उन्होंने संगत के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि अच्छी संगत व्यक्ति के व्यक्तित्व को सकारात्मक रूप से गढ़ती है, इसलिए युवाओं को सदैव अच्छे विचारों और मूल्यों से जुड़ना चाहिए। स्वामी विवेकानंद के आदर्शों का स्मरण कराते हुए उन्होंने युवाओं से उनके बताए मार्ग पर चलने का आह्वान किया। साथ ही उन्होंने बताया कि राज्य सरकार उच्च शिक्षा के क्षेत्र में निरंतर नई पहल कर रही है, ताकि प्रदेश के युवाओं को यहीं उच्च गुणवत्ता वाली शिक्षा एवं संस्थान उपलब्ध हो सकें। समापन समारोह में पूर्व विधायक श्री प्रमोद शर्मा, भारत स्काउट एवं गाइड के राज्य उपाध्यक्ष श्री विजय केशरवानी, नगर पालिका उपाध्यक्ष श्री जितेन्द्र महले सहित अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राचार्य, प्राध्यापकगण एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थी भी शामिल हुए।




### एमएसएमई संघों की प्रथम इंडस्ट्रियल कमेटी की बैठक आयोजित

**रायपुर28 जनवरी।** छत्तीसगढ़ राज्य के प्रमुख एमएसएमई संघों की प्रथम इंडस्ट्रियल कमेटी बैठक आज उद्योग भवन, रायपुर में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता छत्तीसगढ़ राज्य औद्योगिक विकास निगम के चेयरमेन श्री राजीव अग्रवाल ने की। उन्होंने राज्य में औद्योगिक विविधीकरण की आवश्यकता पर बल देते हुए छत्तीसगढ़ में सतत औद्योगिक विकास के लिए राज्य सरकार की प्रतिबद्धता दोहराई। बैठक में राज्य के 8 एमएसएमई संघों के कुल 11 प्रतिनिधि शामिल हुए। बैठक का उद्देश्य राज्य में हाल के औद्योगिक विकासों की समीक्षा करना तथा औद्योगिक वृद्धि की गति को और अधिक सुदृढ़ करने हेतु एमएसएमई संघों से सुझाव प्राप्त करना था। प्रतिभागियों का स्वागत करते हुए श्री ओ.पी. बंजारे ने इंडस्ट्रियल कमेटी के गठन के महत्व पर प्रकाश डाला और कहा कि यह मंच एमएसएमई संघों के साथ संवाद स्थापित करने एवं उनकी समस्याओं के समाधान हेतु एक महत्वपूर्ण पहल है। उद्योग विभाग के निदेशक श्री प्रभात मलिक ने बैठक में विभाग द्वारा हाल ही में किए गए प्रमुख सुधारों की जानकारी दी। उन्होंने भूमि डायवर्जन प्रक्रिया के सरलीकरण तथा सरकारी ई-मार्केटप्लेस में एमएसएमई को वरीयता प्रदान किए जाने जैसे कदमों का उल्लेख किया।

# वरिष्ठजनों के लिए जीवन सहायक उपकरण मापन व चिन्हांकन शिविरों का किया गया आयोजन

■ बुजुर्गों को सहायक उपकरण से मिलेगी मदद

■ नशामुक्ति के संकल्प के साथ हुआ शिविर का समापन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजनांदगांव 28 जनवरी।** कलेक्टर श्री जितेन्द्र यादव के मार्गदर्शन में समाज कल्याण विभाग राजनांदगांव एवं एलिम्को के संयुक्त तत्वाधान में वरिष्ठजनों के लिए जीवन सहायक उपकरण मापन व चिन्हांकन शिविरों का आयोजन जिले के समस्त विकासखण्डों में किया गया। इस विशाल शिविर का आयोजन जनपद पंचायत राजनांदगांव व नगर निगम राजनांदगांव के वरिष्ठ नागरिकों के लिए नगर के गांधी सभा गृह में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में अध्यक्ष जिला पंचायत श्रीमती किरण वैष्णव शामिल हुए। अध्यक्ष जिला पंचायत श्रीमती किरण वैष्णव ने समाज कल्याण विभाग की विभिन्न लोककल्याणकारी योजनाओं से जनसामान्य हो मिल रहे लाभ की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि यह आंकलन शिविर वृद्ध वरिष्ठ नागरिकों के लिए किसी वरदान से कम नहीं है। उन्होंने यह भी कहा कि जिले में समाज कल्याण विभाग के नेतृत्व में योजनाओं का बेहतर तरीके से क्रियान्वयन किया जा रहा है। उन्होंने नशामुक्त भारत अभियान के तहत उपस्थित सभी नागरिकों को नशामुक्ति का संकल्प दिलाया। कार्यक्रम को अध्यक्ष जनपद पंचायत श्रीमती प्रतिमा चंद्राकर, उपाध्यक्ष जिला पंचायत श्रीमती किरण साहू, समाजसेवी श्री कोमल सिंह राजपूत ने भी संबोधित किया।

उप संचालक समाज कल्याण श्रीमती वैशाली मरडवारने बताया कि जिले के सभी विकासखंडों में चिन्हांकन एवं मूल्यांकन शिविर का आयोजन किया गया। उन्होंने बताया कि जनपद पंचायत और नगर पालिक निगम राजनांदगांव के लिए शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में एलिम्को के टेक्नीकल टीम द्वारा पात्र वरिष्ठ नागरिकों को उनके आवश्यकता के अनुसार सहायक उपकरण, सपोर्टिंग इक्यूपमेंट प्रदान किया जाएगा। जिसमें व्हील चेयर, व्हील चेयर कमोड, वाकर, फोल्डिंग बैसाखी, टेट्रापेड, वाकिंग स्टिक, श्रवण यंत्र, सर्वाइकल कॉलर, स्पाइनल सपोर्ट, एलएस बेल्ट, फुट केयर किट, पोलीमरजेल, वनी फेश, स्टूल विथ कमोड सहित अन्य सहायक उपकरण प्रदान किया जाएगा। इस अवसर पर जनप्रतिनिधि श्री पारस वर्मा, श्री शिव वर्मा, श्री शैकी बग्गा, श्री अरविंद वैद, श्री हर्षदेव चौधरी, श्री रवि सिन्हा, श्री पप्पू चंद्राकर, श्री रोहित चंद्राकर, सरपंच श्रीमती निलिमा साहू, संयुक्त कलेक्टर श्रीमती शीतल बंसल, समाज कल्याण विभाग के श्री बाल कृष्ण बघेल, श्री नानक दिवाकर, एलिम्को के तकनीकी टीम के सदस्य सहित अन्य जनप्रतिनिधि, वरिष्ठजन, अधिकारी, कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित थे।

### आर्थिक महाशक्ति बनने की दिशा में भारत का ऐतिहासिक कदम : सीएम साय

**रायपुर, 28 जनवरी।** मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी और सशक्त नेतृत्व में संपन्न हुई 'Mother of All Deals' यानी IndiaEUTradeDeal भारत को एक सशक्त आर्थिक शक्ति के रूप में वैश्विक पटल पर नए शिखर तक पहुँचाने वाली सिद्ध होगी। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने इस अवसर पर कहा कि यह युगांतरकारी डील भारत को ग्लोबल सप्लाई चेन का विश्वसनीय, सशक्त और प्रभावशाली केंद्र बनाने की दिशा में एक ऐतिहासिक मील का पत्थर है। यह समझौता भारत की आर्थिक विश्वसनीयता को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर और अधिक मजबूत करेगा तथा देश को वैश्विक व्यापार की मुख्यधारा में निर्णायक भूमिका प्रदान करेगा। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि यह ऐतिहासिक समझौता केवल व्यापारिक करार भर नहीं है, बल्कि यह भारत के करोड़ों युवाओं के सपनों को पंख देने वाला अवसर है। इससे रोजगार, निवेश, तकनीक और नवाचार के नए द्वार खुलेंगे, जिससे युवाओं की आकांक्षाओं को नई दिशा और गति मिलेगी।

उन्होंने आगे कहा कि IndiaEUTradeDeal देश की आर्थिक आकांक्षाओं को मजबूती प्रदान करते हुए विकसित भारत के संकल्प को साकार करने का एक सुदृढ़ आधार बनेगा। यह समझौता आत्मनिर्भर भारत की अवधारणा को वैश्विक सहयोग के साथ जोड़ते हुए भारत को दीर्घकालिक आर्थिक स्थिरता और समृद्धि की ओर अग्रसर करेगा। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने इस गौरवपूर्ण उपलब्धि के लिए समस्त देशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि यह भारत की सामूहिक शक्ति, नीति-निर्माण क्षमता और वैश्विक नेतृत्व का प्रतीक है, जो आने वाले वर्षों में देश को आर्थिक महाशक्ति के रूप में स्थापित करने में निर्णायक भूमिका निभाएगा।

# होम स्टेज़ ऑफइंडिया की पहल से जशपुर में सामुदायिक पर्यटन को मिली पहचान




**रायपुर, 28 जनवरी।** होमस्टेज़ ऑफइंडिया द्वारा छत्तीसगढ़ में सामुदायिक पर्यटन को सशक्त करने की दिशा में किए जा रहे प्रयासों के तहत जशपुर जिले में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि सामने आई है। तमिलनाडु से आए पहले अतिथि का जशपुर के सामुदायिक होमस्टे में स्वागत किया गया। यह पहल जशपुर को राज्य के एक मॉडल कम्युनिटी टूरिज़्म गंतव्य के रूप में विकसित करने की दिशा में अहम कदम मानी जा रही है।

तमिलनाडु निवासी श्री महेश, जो सड़क मार्ग से भारत भ्रमण पर निकले हैं, अपनी यात्रा के दौरान देश के विभिन्न हिस्सों में होमस्टे में ही ठहर रहे हैं। उन्होंने बताया कि घर जैसा सादा एवं पौष्टिक भोजन तथा स्थानीय संस्कृति और जीवनशैली को नज़दीक से समझने की इच्छा ने उन्हें होमस्टे को प्राथमिक विकल्प चुनने के लिए प्रेरित किया।जशपुर प्रवास के दौरान श्री महेश ने विपिन एवं उनके परिवार द्वारा संचालित होमस्टे में निवास किया। यह होमस्टे उस गांव का हिस्सा है, जिसे होमस्टेज़ ऑफइंडिया ने जिला प्रशासन के सहयोग से सामुदायिक पर्यटन के मॉडल के रूप में विकसित किया है। अतिथि ने परिवार की आत्मीय मेहमाननवाज़ी, पारंपरिक तरीके से तैयार किए गए पौष्टिक भोजन तथा गांव और आसपास के शांत एवं प्राकृतिक वातावरण की विशेष सराहना की। श्री महेश ने कहा कि इंटरनेट और मोबाइल फोन से दूर गांव की शांति में बिताया गया समय उनके लिए मानसिक सुकून और आत्मिक ताज़गी का अनुभव लेकर आया। इस प्रवास से होस्ट परिवार को अतिरिक्त आय प्राप्त हुई, जिससे उनकी आजीविका को मजबूती मिली। साथ ही, देश के दूसरे राज्य से आए अतिथि की मेज़बानी से परिवार को सांस्कृतिक आदान-प्रदान, नए अनुभव और पर्यटन से जुड़े व्यावहारिक ज्ञान का अवसर भी मिला। इससे परिवार के आतिथ्य कौशल, आत्मविश्वास और उद्यमशील क्षमता में वृद्धि हुई है।होमस्टेज़ ऑफ इंडिया इस पहल के अंतर्गत होमस्टे विकास के साथ-साथ स्थानीय परिवारों के क्षमता निर्माण, आतिथ्य मानकों के सुदृढ़ीकरण, अतिथि अनुभव को बेहतर बनाने और जिम्मेदार पर्यटन प्रथाओं को अपनाने पर निरंतर सहयोग कर रहा है।

# अर्जुन अमित श्रीवास्तव बने युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय प्रवक्ता



**रायपुर 28 जनवरी।** छत्तीसगढ़ के युवा अधिवक्ता और सक्रिय छात्र-युवा नेता अर्जुन अमित श्रीवास्तव को एक बार फिर राष्ट्रीय स्तर पर महत्वपूर्ण जिम्मेदारी मिली है। उन्हें भारतीय युवा कांग्रेस का राष्ट्रीय प्रवक्ता / मीडिया पैनलिस्ट नियुक्त किया गया है।

यह नियुक्ति युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष उदय भान चिब द्वारा की गई है। संगठन में इसे युवाओं को शीर्ष नेतृत्व में स्थान देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

अर्जुन अमित श्रीवास्तव इससे पहले युवा कांग्रेस के बिहार के सह-प्रभारी तथा मध्य प्रदेश के प्रभारी जैसी अहम जिम्मेदारियाँ निभा चुके हैं। संगठनात्मक कार्य, जमीनी सक्रियता और मीडिया में मजबूत उपस्थिति के कारण वे लगातार नेतृत्व की नजर में रहे हैं।

बताया जा रहा है कि अर्जुन अमित श्रीवास्तव देश के सबसे कम उम्र के राष्ट्रीय प्रवक्ताओं में शामिल हैं, जिससे युवा कांग्रेस में नई पीढ़ी को नेतृत्व देने की रणनीति और स्पष्ट होती है।

राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि यह नियुक्ति न केवल छत्तीसगढ़ बल्कि मध्य भारत के युवा कार्यकर्ताओं के लिए भी प्रेरणादायक है। श्रीवास्तव की भूमिका अब राष्ट्रीय स्तर पर पार्टी के विचारों को मीडिया के माध्यम से प्रभावी ढंग से रखने की होगी।

संगठन के कार्यकर्ताओं ने उनकी नियुक्ति पर खुशी जताते हुए इसे युवाओं की आवाज़ को राष्ट्रीय मंच पर मजबूती मिलने का संकेत बताया है।

### चंद्रगिरी तीर्थक्षेत्र डोगरगढ़ में आचार्य विद्यासागर संग्रहालय का शिलान्यास एवं भूमिपूजन किया गया

# आचार्य विद्यासागर महाराज के दिखाए हुए मार्ग का करें अनुसरण : शिवराज सिंह चौहान

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**राजनांदगांव 28 जनवरी।** केन्द्रीय कृषि एवं कृषक कल्याण, ग्रामीण विकास मंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान आज चन्द्रगिरि तीर्थक्षेत्र डोंगरगढ़ के विद्यासागरोदय समाधि स्थल में संत शिरोमणि आचार्य श्री 108 विद्यासागर जी महामुनिराज के द्वितीय समाधि स्मृति महामहोत्सव कार्यक्रम में शामिल हुए। उन्होंने समाधि स्थल पर पहुंचकर पूजा-अर्चना की। इस अवसर पर उन्होंने आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज के नाम से 210 डाक लिफाफे का विमोचन, भारत सरकार द्वारा चांदी के सिक्के का विमोचन किया। उन्होंने आचार्य विद्यासागर संग्रहालय का शिलान्यास एवं भूमिपूजन किया तथा पौधरोपण किया।

केन्द्रीय कृषि एवं कृषक कल्याण, ग्रामीण विकास मंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि संत शिरोमणि आचार्य श्री 108 विद्यासागर जी महामुनिराज का स्मरण करने पर करूणा से भरा हृदय और मुस्कुराते हाथों से उनका आशीष देना याद आ जाता है। उन्होंने कहा कि डोंगरगढ़ की धरा पर आकर मैं धन्य हो गया। आज यहां आकर मन में दो भाव आ रहे हैं कि काश यहां आकर मुझे बोलने का नहीं बल्कि उनको सुनने का अवसर मिलता। आज यहां डोंगरगढ़ में उनके बिना सूना महसूस हो रहा है, लेकिन दूसरी तरफ यह भाव भी महसूस हो रहा है कि आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज की उपस्थिति का अहसास हर जगह हो रहा है। उन्होंने कहा कि हम सभी जन्म का उत्सव मनाते हैं, लेकिन मृत्यु का उत्सव मनाने वाले मौत को जीत जाते है। जैन परंपरा में समाधि की परंपरा को आत्मसात किया गया है। उन्होंने कहा कि आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज वर्तमान में होकर भी वर्धमान थे, देह में होकर भी विदेह थे, लोक में होकर भी अलौकिक थे। शिष्यों के लिए साध्य होकर भी साधन थे। जागृति और मोक्ष का मार्ग भी थे। उन्होंने कहा कि वह जहां भी जाकर चर्तुमास करते वह स्थल तीर्थ हो जाता। जिस शिला पर उनके चरण पड़ते वह पूज्य हो जाता और जिस पर कृपा की दृष्टि होती वह कृतार्थ हो जाता। हमारे देश में हजारों वर्षों का इतिहास रहा है, जिनमें वेद, ऋचाओं की रचना हुई है। सत्य एक है लेकिन विद्वानों ने अलग-अलग तरीके से इसकी व्याख्या की है।


**GOVERNMENT OF CHHATTISGARH, WATER RESOURCES DEPARTMENT**

**OFFICE OF THE EXECTTOVE ENGINEER**

**WATER RESOURCES DIVISION, MANENDRAGARH, DISTT. M.C.B. (C.G.)**

**CORRIGENDUM NO. 1**

IN NIT No. : 09/SAC/2025-26, Dated : 07.01.2026, System Tender No. 183326 (1St Call) whose G-Number-252605897 following amendments are made-

| S.No. | Previous Publis | Amendments |
|---|---|---|
| 1, | Memo No. 425001/Circuler/277, Nava Raipur, Date 07.01.2026 issued by Engineer-in-Chief, Water Resources Department, Chhattisgarh, Nava Raipur, Atal Nagar | Memo No. 4211220/Tender/ Circlular/ 932 Office of the Engineer-in-Chief, Water Resources Department, Chhattisgarh, Nava Raipur, Atal Nagar Date: 22.01.2026 is Applicable in above tenter |

All other terms and conditions of NIT will remain unchanged.

**Executive Engineer**
**Water Resources Division**
**Mahendragarh, Distt. M.C.B, (C.C.)**
**For, Chief Engineer, Hasdeo Ganga Basin**
**Ambikapur (C.G.)**

G-252606271/8



समस्त प्रदेशवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं

## ग्राम पंचायत-देवरीबालाजी (जिला उत्तर बस्तर कांकेर)

**माधव सिंह नेताम** — सरपंच

**श्रीमती संगीता नेताम** — उप-सरपंच

**तरुण कुमार सोरी** — सचिव

**भीखमराम मरकाम-रोजगार सहायक**



**पंचगण-** सूरजन नेताम, प्रकाश नेताम, मधमती वट्टी, श्रीमती वंदना नेताम, श्रीमती शारदा नेताम, श्रीमती अनीता नेताम, श्रीमती यशोदा नेताम, श्रीमती मंजू नेताम, श्रीमती परमेश्वरी, श्रीमती रजनी सोरी, श्रीमती विमला टेकाम

**ग्राम पटेल-**भानुदेव नेताम, **जनपद सदस्य-**चन्द्रभान नेताम

**ग्राम गायता-**बिरन सिंह नेताम




### कांकेर पुलिस की अपील

सुरक्षित समाज के लिए सभी अवैध गतिविधियों एवं अपराध की सूचना तत्काल पुलिस को दें।

**जिला पुलिस प्रशासन-** उत्तर बस्तर कांकेर ने 77वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर जिलेवासियों को शुभकामनाएं देते हुए शांति और सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए विशेष दिशा-निर्देश जारी किए हैं। कांकेर पुलिस नागरिकों से अपील करती है कि वे एक जागरूक नागरिक होने का परिचय दें और समाज में होने वाली किसी भी गलत गतिविधियों व अपराध के खिलाफ सतर्क रहें और तत्काल सूचना दें।

पुलिस प्रशासन ने समाज की सुरक्षा हम सबकी जिम्मेदारी संदेश के साथ एक विशेष व्हाट्सएप हेल्पलाइन नंबर 94791-55125 जारी किया है। पुलिस ने स्पष्ट किया है कि यदि कोई नागरिक अपराध या संदिग्ध गतिविधियों की जानकारी देता है, तो उसकी पहचान पूरी तरह गुप्त रखी जाएगी।

### सुरक्षा के चाक-चौबंद प्रबंध

26 जनवरी 2026 को आयोजित होने वाले समस्त शासकीय एवं सार्वजनिक कार्यक्रमों की गरिमा बनाए रखने के लिए जिले के प्रमुख चौक-चौराहों और समारोह स्थलों पर अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया गया है। सीसीटीवी के माध्यम से भी निगरानी रखी जा रही है ताकि कार्यक्रम निर्विघ्न संपन्न हो सके।

### नागरिकों के लिए जरूरी निर्देश

सार्वजनिक स्थलों पर किसी भी संदिग्ध वस्तु को हाथ न लगाएं और जिला कंट्रोल नंबर 94791-94199 पर सूचना दें।सोशल मीडिया पर फैलने वाली भ्रामक खबरों और अफवाहों पर भरोसा न करें। ट्रैफिक जाम की स्थिति से बचने के लिए निर्धारित रूट व पार्किंग स्थलों का ही उपयोग करें। जिला पुलिस प्रशासन अपेक्षा करती है कि हमेशा की भाँति जनता के सहयोग और सहभागिता से कांकेर में यह राष्ट्रीय पर्व हर्षोल्लास और पूर्ण गौरव के साथ मनाया जाएगा।

**जिला पुलिस उत्तर बस्तर कांकेर**

Kanker Police | Kanker_Police | KankerPolice

---

समस्त प्रदेशवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं



## सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नरहरपुर

विकासखंड-नरहरपुर

जिला-उत्तर बस्तर कांकेर (छ.ग.)

---

समस्त प्रदेशवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं





## खंड शिक्षा अधिकारी भानुप्रतापपुर

जिला-उत्तर बस्तर कांकेर(छ.ग.)

---

समस्त प्रदेशवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं



## विकास खंड शिक्षा अधिकारी

नरहरपुर- विकासखंड नरहरपुर

जिला-उत्तर बस्तर (छ.ग.)

---

समस्त प्रदेशवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं



## सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र धनेली कन्हार

विकासखंड-कांकेर

जिला-उत्तर बस्तर कांकेर (छ.ग.)

---

समस्त प्रदेशवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं



## खंड शिक्षा अधिकारी

कांकेर,जिला-उत्तर बस्तर (छ.ग.)

कौशल किशोर मिश्र प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी की ओर से तरुण छत्तीसगढ़, तरुण छत्तीसगढ़ प्रेस टॉवर, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर ( छ.ग. ) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक- कौशल किशोर मिश्र, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2024-26